CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com

मो. 9653906665

अंक 02/114 | जयपुर | 13 मई /2025 | मंगलवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04



### भारत की आकाश मिसाइल सिस्टम ने दिया साथ

# पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने के लिए सारा सिस्टम एक साथ एक्टिव कर दिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी लगातार दूसरी प्रेस कांफ्रेंस में एयर मार्शल ए.के.भारती ने कहा, हमने सैन्य और नागरिकों जगहों के कार्रवाई में कम शामिल किया।

जबकि पाक सेना लगातार हमलावर थी। हवाई रक्षा प्रणाली की हमारे पास कई प्रकार मौजूद हैं। हम पर ड्रोन, यूएवी से एक साथ हमला हुआ। पाक के हमले में सारा सिस्टम एक-साथ एक्टिव हुआ। आधुनिक समय में युद्ध के लिहाज से यह अहम था। पुराने सिस्टम ने भी अपनी काबिलियत दिखाई। आकाश मिसाइल सिस्टम से हमलों का प्रतिउत्तर दिया गया।

**खास बातें**

- भारतीय सेना ने बिना एलओसी लांघे ही आतंकियों अड्डे ध्वस्त किए
- अभियान में नौसेना निगरानी और खतरों को पहचानने में जुटी थी
- पुराने सिस्टम ने भी अपनी काबिलियत दिखाई।



## एलओसी पार किए बिना फोड़ा पाप का घड़ा

सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने ऑपरेशन सिंदूर करने की सबसे अहम वजह बीते कुछ समय में आतंकी गतिविधियों में हो रहा बदलाव बना। जिसमें उन्होंने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया। 2024 में शिवखोड़ी मंदिर से लेकर इस साल पहलगाम हमले के साथ आतंकियों के पाप का घड़ा भर चुका था। सेनाओं ने सीमा पार किए बिना यानी एलओसी लांघे बिना आतंकी अड्डे तहस-नहस किए। लेकिन पाक से सीमा लांघी, संघर्षविराम से पहले और बाद में 9-10 मई की रात को भी हमला किया। जिसमें तीनों सेनाओं ने पूरे समन्वय के साथ करारा जवाब दिया। हमारे पीछे देश की 140 करोड़ जनता खड़ी थी। जिसके लिए हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। अभियान में हमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक और उनकी पोस्ट पर डटे हुए प्रत्येक जवान ने सेनाओं का भरपूर साथ दिया। बीएसएफ डीजी हमारे मल्टी लेयर्ड सुरक्षा ग्रुप का हिस्सा थे। हम उनकी सराहना करते हैं। आपने सुना होगा जब हौसले बुलंद हों तो मंजिलें कदम चूमती हैं।

## क्रिकेट की कहावत संग पेश की मिसाल

लेफ्टिनेंट जनरल घई ने इंटरनेशनल बाउंड्री से रडार, एडी सिस्टम, विंटेज एडी सिस्टम और मॉर्डन एडी सिस्टम की लेयर का जिक्र किया और कहा, ये चित्र 1974 में ऑस्ट्रेलिया-इंडिया के बीच एशेज सीरीज से मेल खाता है। जिसमें ऑस्ट्रेलिया के दो तेज गेंदबाजों डेनिस लिली और जैफ थॉमसन ने इंग्लैंड को धूल चटाई थी। दोनों ने मिलकर 58 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की। आस्ट्रेलियंस ने उस समय एक कहावत निकाली थी एशेज टू एशेज एंड डस्ट टू डस्ट, इफ लिली डोंट गेट यू, थॉमो मस्ट'। भारतीय सेना, वायुसेना ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों की जो दुर्दशा की है। ये ठीक वैसी ही है जो उस क्रिकेट सीरीज में लिली और थॉमसन के चलते इंग्लैंड की हुई थी। आज क्रिकेट का जिक्र जरूरी है। क्योंकि विराट कोहली ने संन्यास लिया है। वे मेरे भी पसंदीदा क्रिकेटर हैं।

## नौसेना निगरानी, खतरों को पहचानने में जुटी

वाइस एडमिरल ए.एन.प्रमोद ने कहा, अभियान में नौसेना निगरानी और खतरों को पहचानने में जुटी थी। बल ने कई सेंसर और जानकारी साझा की। साथ ही उन खतरों को भांप लिया जिन्हें तुरंत नष्ट किया जाना था। हमारे पायलट दिन-रात चौबीसों घंटे ऑपरेट करने के लिए तैयार थे। बल के उन्नत रडार की मदद से विमानों, तेज गति की मिसाइल और ड्रोन की जरूरी सूचना को आगे बढ़ाया गया। नौसेना का विमानवाहक युद्धपोत मिग-29 लड़ाकू विमानों के साथ कार्रवाई के लिए मुस्तैद थे। दुश्मन के संदिग्ध जहाज को कई सौ किलोमीटर से पास आने का मौका नहीं दिया।

**प्रश्नों का इस तरह जवाब**

**प्रेस कांफ्रेंस के अंत में पत्रकारों के कुछ सवालों के अधिकारियों ने जवाब दिए। जिनमें-**

**1 क्या भारत ने किराना हिल्स पर हमला किया?**
एयर मार्शल भारती-हमें ये बताने के लिए शुक्रिया की किराना हिल्स में पाक का कुछ परमाणु जखीरा है। जिससे हम अनभिज्ञ थे। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है। चाहे वहां कुछ भी हो, हमने पहले की ब्रीफिंग में भी ऐसा कुछ नहीं कहा है।

**2 पीसी की शुरुआत में दिनकर की कविता की पंक्तियों के पीछे क्या संदेश छिपा है, तुर्किये के ड्रोन गिराए गए?**
एयर मार्शल भारती-मेरी साथी ने बताया कि तुर्किये के ड्रोन थे, जो हमने मार गिराए। कांफ्रेंस की दिनकर की कविता के वीडियो से आगाज हुआ। यहां मैं रामचरितमानस की चौपाई बिनय ना मानत जलधि जड़, गए तीन दिन बीत बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय ना प्रीति के जरिए कहना चाहता हूं, समझदार के लिए इशारा ही काफी है। ड्रोन चाहे कहीं के भी हों, हम हर तकनीक से मुकाबले के लिए सक्षम और तैयार हैं।

**3 क्या आपके सबूत जनता के लिए भ्रामक हैं।**
एयर मार्शल भारती-पाक अपनी जनता को पहले से कोई जानकारी नहीं दे रहा है। हमारी लड़ाई आतंकियों के साथ है। पाक की कोशिश अपनी कहानियां गढ़ने की है। हमने अपना दिया हुआ टास्क पूरा किया। अगली लड़ाई अलग तरह से लड़ी जाएगी।

**4 आसमान में दोनों के विमान थे। क्या ये सबसे बड़ी आसमानी जंग थी?**
एयर मार्शल भारती-मैंने पहले ही कहा था कि कितने जहाज थे, लड़ाई किस तरह की थी। ये तकनीकी, रणनीतिक जानकारी से जुड़े सवाल हैं। हमें जितना बताना था, हम बता चुके हैं। अगली लड़ाई अलग तरीके से लड़ी जाएगी। हर लड़ाई एक समान नहीं होती है।

**खबर संक्षेप**


### केरल: मंदिर परिसर से गायब सोना बरामद

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तिरुवनंतपुरम के प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर से गायब हुआ सोना बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 20 सेंटीमीटर लंबी छड़ के रूप में मौजूद यह सोना मंदिर के अंदर भंडारगृह के पास एक रास्ते पर मिला, जहां (भंडारगृह) इसे रखा गया था। पुलिस के मुताबिक, मंदिर परिसर की तलाशी के दौरान इसे बरामद किया गया।



### पाकिस्तान में फिर भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए। इसमें किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में 29.12 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 67.26 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया। 5 और 10 मई को भी पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।



### जम्मू कश्मीर में आज से खुलेंगे स्कूल

**जम्मू।** स्कूल शिक्षा निदेशक ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में आज (13 मई) से राज्य के सभी गैर-सीमावर्ती जिलों में विद्यालय पुनः खोले जाएंगे। फिलहाल, कुपवाड़ा, बारामुला और बांदीपोरा जिलों के गुरेज उपमंडल में स्थित सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। पूरी तरह से सामान्य होने के बाद ही शिक्षण कार्य बहाल किए जाएंगे। तब तक इन क्षेत्रों में ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी।



### भारत को दुनियाभर में मिल रही मान्यता

## जलवायु संरक्षण में भारत की भूमिका अहम, दुनिया ने माना- एशिया का लीडर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जलवायु संरक्षण की दिशा में भारत द्वारा किए जा रहे कामों को पूरी दुनिया में मान्यता मिल रही है। एक वैश्विक मंच ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत ऊर्जा परिवर्तन के मामले में एशिया का नेता बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट ग्रुप की सीईओ हेलेन क्लार्कसन ने सिंगापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, एशिया में ऊर्जा परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका है। यह अपने जलवायु लक्ष्यों में लगातार प्रगति कर रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा पर खासा फोकस किया जा रहा है। हेलेन क्लार्कसन ने कहा पिछले कुछ वर्षों में देखी गई प्रगति के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार है। भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 तक भारत की कुल अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता 220 गीगावाट तक पहुंच गई है।



### *एशिया आर्थिक और जलवायु संकट से निपटने की राह दिखा सकता है*

*क्लार्कसन ने कहा, एशिया एक ही बार में दो बड़े संकटों - आर्थिक और जलवायु - से निपट सकता है, अगर इसके उद्योग और सरकारें स्वच्छ तकनीक, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित ऊर्जा सुरक्षा और डीकार्बोनाइंड आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ आगे बढ़ें। एशिया ही वह जगह है जहां बदलाव की जीत होगी या हार होगी। 8 मई को आयोजित क्लाइमेट ग्रुप एशिया एक्शन समिट में एशिया भर के व्यापारिक नेता और नीति निर्माता एक साथ आए। क्लार्कसन ने कहा कि हमें साहसिक नेतृत्व, अभिनव समाधान, रणनीतिक स्वच्छ निवेश और सरकारों की दीर्घकालिक सोच की जरूरत है।*

### जिनेवा में अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की

**जिनेवा।** अमेरिका का चीन के साथ व्यापार समझौता हो गया है। अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट मुझे यह रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है कि हमने संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच बहुत महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता में पर्याप्त प्रगति की है। सबसे पहले, मैं अपने स्विस मेजबान को धन्यवाद देना चाहता हूं। स्विस सरकार ने हमें यह शानदार स्थान प्रदान करके बहुत दयालुता दिखाई है और मुझे लगता है कि इससे हमें बहुत अधिक उत्पादकता देखने को मिली है।

ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि हम कल विवरण देंगे। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि वार्ता उत्पादक थी। हमारे साथ उप प्रधानमंत्री, दो उप मंत्री, जो अभिन्न रूप से शामिल थे।

राजदूत जैमीसन और मैं था। मैंने कल रात राष्ट्रपति ट्रंप से बात की, जैसा कि राजदूत जैमीसन ने किया, और उन्हें पूरी जानकारी है कि क्या चल रहा है। इसलिए, आज सुबह (13 मई) को पूरी ब्रीफिंग होगी।

### ट्रंप को मिलेगा दुनिया का सबसे मंहगा गिफ्ट

## कतर दे रहा 3400 करोड़ का महल जैसा प्लेन, इसी हफ्ते दौरे पर जाएंगे राष्ट्रपति ट्रंप

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रंप को गिफ्ट में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपए) है। ट्रंप मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है।

यह गिफ्ट किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रंप को यह गिफ्ट अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रंप का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा।



### *पद से हटने के बाद भी प्लेन का इस्तेमाल कर सकते हैं ट्रंप*

*जानकारी के मुताबिक ट्रंप इस विमान को अस्थायी रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान होता है। फिलहाल ट्रंप का निजी विमान 'ट्रंप फोर्स वन' एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था। कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन गिफ्ट में दिया जा रहा है। बीबीसी के मुताबिक सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है।*

### पाक हिरासत में पीके

## 20 दिन गुजरे, बीएसएफ जवान पीके साहू को कब रिहा करेगा पाकिस्तान

***बीएसएफ अधिकारियों की तरफ से कई बार पाक रेंजर्स के साथ हुई फ्लैग मीटिंग***

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत की तरफ से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम हो गया है। सीजफायर के बाद हालात सामान्य होने लगे हैं।

वहीं पाकिस्तान की हिरासत में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पीके साहू को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। बीएसएफ कांस्टेबल पीके साहू 20 दिन से पाकिस्तान के कब्जे में है। पहलगाम आतंकी हमले का बदला



लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया था और पाकिस्तान में घूसकर आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई थी। 22 अप्रैल को आतंकी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को फिरोजपुर बॉर्डर पर पाकिस्तान रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पीके साहू को हिरासत में लिया था। 20 दिन से पीके साहू को रिहा करवाने के लिए बीएसएफ अधिकारियों की तरफ से कई बार पाक रेंजर्स के साथ फ्लैग मीटिंग भी की जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक पीके साहू को छोड़ा नहीं गया है। कि दोबारा दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बैठक के बाद जवान को रिहा किया जा सकता है।

### भारत ने दिखाया बड़ा दिल, भारतीय उच्चायोग ने जानकारी दी

## मालदीव को दी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद

भारत ने मालदीव को बड़ी आर्थिक दी है। भारत से मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद मिलेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आर्थिक मदद की घोषणा की है। यह जानकारी मालदीव स्थित भारतीय उच्चायोग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उच्चायोग ने बताया कि भारत ने मालदीव सरकार के अनुरोध पर एक और वर्ष के लिए 5 करोड़ डॉलर (करीब 420 करोड़ रुपए) के ट्रेजरी बिल के रूप में मालदीव सरकार को बजट सहायता दी है। भारत के इस कदम से साफ है कि मौजूदा समय में भारत और मालदीव के बीच संबंध लगातार बेहतर हो रहे हैं।



*मौजूदा समय में भारत और मालदीव के बीच संबंध लगातार बेहतर हो रहे हैं*

फाइल फोटो

### *द्विपक्षीय समझौतों का आदान-प्रदान*

*इस यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने वर्चुअल उद्घाटन किया और समझौतों का आदान-प्रदान भी किया। यह समझौते विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए किए गए थे, और इनका उद्देश्य आर्थिक और समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना था। भारत और मालदीव के बीच इस वित्तीय सहायता को लेकर समझौतों का आदान-प्रदान और आभार का यह सिलसिला दोनों देशों के रिश्तों को और गहरा करता है।*

### *मालदीव के विदेश मंत्री ने जताया आभार*

*मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने भारत के इस फैसले को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी।*

### *भारत आए थे मुइज्जू*

*मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बीते साल अक्टूबर में पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए थे। नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी। तब मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा था, यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए विजन' को अपनाना था, जो विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेगा।*

# मनुष्य को कर्मफल भोगना ही पड़ेगा उत्तम स्वामी

मरुधर विशेष

**अरूण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा प्रतापगढ़।:** '' नाहम् वसामि वैकुंठे, ना योगिनाम हृदये, मद्भक्ता यत्र गायंति तत्र तिष्ठंति नारद द्य" , आज महामंडलेश्वर पंचअग्नि अखाड़ा ), हरिद्वार के ध्यान योगी महर्षि उत्तमस्वामीजी महाराज ने भी रोकड़िया हनुमान जी कथा में कहा- " ईश्वर ना तो वैकुंठ में रहते हैं और ना योगियों के हृदय में। जहां भक्त भजन, कीर्तन करते हैं, वहीं ईश्वर रहता है ।" महर्षि उत्तम स्वामीजी ने कहा"प्रथम भक्ति संतन कर संगा, दूसरी भक्ति मम कथा प्रसंगा।" महर्षि उत्तम स्वामी ने -संचित कर्म, क्रियमाण कर्म और प्रारब्ध कर्म की व्याख्या करते हुए कहा-" आप आज इस जन्म में जो हो, जो आप को मिला, वो आपके पूर्व जन्म के कर्मों का प्रतिफल प्रारब्ध है। आप द्वारा किए गए धर्म कर्म-और पाप कर्म सबका फल आपको मिलना ही है। धर्म कार्यों से आनंद अवश्य मिलेगा और पाप कर्मों के फल आपका कई जन्मों तक पिछा नहीं छोडेगा द्य "भीष्म पितामह ने श्रीकृष्ण से पूछा- मुझे इतने तीरो से क्यों बिंधना पड़ा। इस शरीर में इतने घाव क्यों लगे ?





ऐसा क्यों ? मैंने ध्यान मे देखा, पिछले 100 जन्मो तक ऐसा कोई पाप नहीं किया ।" श्री कृष्ण ने कहा "102 जन्मों पूर्व देखो-- आपने बाग में एक कीट को पकड़ कर उस को कांटे चुभा- चुभा कर घायल किया, उसी कर्म प्रारब्ध से आपको इतने तीर लगे। इसलिए जीव हिंसा, पाप कर्म मत करो । यही तो हमारे सनातन धर्म की सीख आपको माता पिता द्वारा दी जाती है। इसे मानो।लेकिन "अहिंसा परमो धर्म, धर्म हिंसा तथैव च ।" सीमा पर देश की रक्षा के लिए सैनिक आतंकवादि?यों को मारते, ये पाप कर्म नहीं, उसका कर्तव्य है- राष्ट्रधर्म के लिए हिंसा। पापियो का नाश महर्षि उत्तम



स्वामी जी ने कथा में दक्ष यज्ञ प्रसंग के बाद शिव विवाह मे भजन- शिव शिव लहरी बम बम लहरी के भजन पर भक्त गण नृत्य करने लगें 5 वर्ष के बालक भक्त ध्रुव को नारद जी द्वारा दिए मंत्र से साक्षात नारायण को बालक ध्रुव ने प्राप्त किया द्य जो ध्रुव तारा आज भी आसमान में चमक रहा है द्य आज मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और जिला कलेक्टर डा. अंजलि राजोरिया ने गुरूदेव से भेट की द्य आशीर्वाद लिया द्य ये जानकारी गुरुभक्त मंडल के चन्द्रशेखर मेहता ने दी और बताया कि मुख्य यजमान कमलेश पाटीदार पौथी पूजन के यजमान डा. मुकेश शर्मा वैद्य, आरती के भगवतीलाल पणिया परिवार झासड़ी, भोजन प्रसादी के यजमान पुष्करना व्यास परिवार -पूर्णाशंकर व्यास, भंवरलाल व्यास झांसड़ी रहे। कोटा से संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजेन्द? सिंह ,ओम प्रकाश ओझा, तरुण पालीवाल आदि ने आशीर्वाद लिया द्य संचालन प्रकाश व्यास ने किया।

## प्राचार्य संजय लुणावत एवं डॉ. नेहा सोनी ने अपने पुत्र स्नेहांश के मुंडन का आयोजन पर एक लाख रुपए की राशि प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों की शिक्षण व्यवस्था पर व्यय करने की घोषणा की

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़। प्राचार्य संजय लुणावत एवं डॉ. नेहा सोनी ने अपने पुत्र स्नेहांश के मुंडन का आयोजन सादगीपूर्वक मनाते हुए एक लाख रुपए की राशि प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों की शिक्षण व्यवस्था पर व्यय करने की घोषणा की है। यह निर्णय अपनी माता श्रीमती मनोरमा देवी लुणावत की प्रेरणा से लिया है।



उक्त राशि माय मिशन प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को बेहतर शिक्षण, मार्गदर्शन और व्यवस्था उपलब्ध कराने में खर्च की जायेगी।

सरकारी विद्यालय के प्राचार्य संजय लुणावत ने बताया कि अपने धन का सदुपयोग शिक्षा के क्षेत्र में किया जाना चाहिए। धार्मिक, वैवाहिक, निजी आयोजनो में ज्यादा शानो-शौकत, फालतू का खर्चा, तामझाम को कम करने का प्रयास करना चाहिए।

'माय मिशन' से अब तक 6000 से भी अधिक विद्यार्थी निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर चुके हैं और 2000 से भी अधिक सफल हो चुके हैं।संजय गुरु दक्षिणा के रूप में अपने अभ्यर्थियों से 'जीते-जी रक्तदान, जाते-जाते नेत्र का कार्नियादान, देहदान' की अपील करते हैं। संजय ने "लाइफ फॉर नेशन" थीम के साथ "एंटी सुसाइड कैंपेन" शुरू किया है। सुसाइड्स फ्री यूनिवर्स संकल्प समिति' द्वारा चलाये जा रहे "आत्महत्या मुक्ति अभियान" में संजय को "राष्ट्रीय प्रशिक्षक" अधिकृत किया है।संजय को जैन धर्म का सर्वोच्च सम्मान "श्री गुरु सौभाग्य गौरव" पुरस्कार 2024 में प्रदान किया गया है। यह मुंडन समारोह फतेश्वर महादेव मंदिर एवं वागोल जी पार्श्वनाथ तीर्थ में मनाया गया।

## फौलादपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में असामाजिक तत्वों के द्वारा पानी की टंकी की फिटिंग,वॉश पेंशन पानी की टंकी तोड़ी

### स्कूल प्रबंधन ने थाने में मामला कराया दर्ज पूर्व में भी घटनाएं घटित हो चुकी

मरुधर विशेष

**शाहजहांपुर (सुनील मेघवाल)** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के फौलादपुर गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार 9 मई की रात्रि को असामाजिक तत्वों के द्वारा स्कूल में पानी की फिटिंग पानी की टंकी एवं वाशपेंशन तोड़ने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर सोमवार को विद्यालय प्रबंधन कमेटी सदस्यों की बैठक प्रिंसिपल आशा झिरीवाल के नेतृत्व में हुई। विद्यालय प्रबंधन कमेटी सदस्य सुभाष फौजी ने बताया कि 9 मई की रात्रि को असामाजिक तत्वों के द्वारा स्कूल में तोड़फोड़ की गई। असामाजिक तत्वों के द्वारा स्कूल परिसर में घुसकर पानी की फिटिंग की नलियां,पानी की टंकी, शौचालय में वाश पेंशन ,पानी की टूटियां तोड़ गए जिससे स्कूली बच्चों को पानी पीने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। मामले को लेकर स्कूल प्रबंधन के द्वारा शाहजहांपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पहले भी कई बार इस तरीके की घटनाएं हो चुकी है लेकिन असामाजिक तत्व का नाम सामने नहीं आ पाया। फिलहाल मामले की रिपोर्ट शाहजहांपुर थाने में दी गई है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई मामले को लेकर आज सोमवार को विद्यालय विकास प्रबंधन कमेटी के सदस्यों के साथ मामले को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि पुलिस के द्वारा जल्द से जल्द करवाई की जाए और असामाजिक तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान प्रिंसिपल आशा झिरीवाल,पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंकर लाल यादव, पूर्व शिक्षक भानी सहाय चौधरी, रामावतार यादव, सुभाष फौजी एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



## पंचाल समाज के 101 रक्तवीरो नवम पाटोत्सव के तहत किया रक्तदान



### श्री त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर में पंचाल समाज चौदह चौखरा के युवाओं के द्वारा किया गया रक्तदान



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** रक्तदान शिविर प्रभारी राजेश पंचाल रैयाना ने बताया कि वर्तमान में भारत पाकिस्तान के बीच उत्पन्न स्थिति और सेना की संभावित आवश्यकताओं को देखते हुए सरकार द्वारा देशवासियों से रक्तदान की अपील की गई। जिसके तहत पंचाल समाज चौदह चौखरा एवं त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर एवं प्रतापगढ़ के पंचाल समाज के युवाओं के द्वारा रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 101 यूनिट रक्तदान किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के युवाओं ने अपना योगदान दिया। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉ मयंक दोसी, नरेंद्र बघेल, शरद त्रिवेदी, विक्रम, जितेंद्र सोलंकी, महेश यादव, अभिजीत पारगी, भावेश, नवीन देव का सहयोग रहा।उक्त शिविर ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष धुलजी पंचाल एवं महामंत्री नटवरलाल पंचाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।शिविर में उपस्थित संरक्षक मंडल के सदस्य प्रताप मुंगेड, कारीलाल माथुगामड़ा, कांतिलाल डूंगरा, राजेंद्र प्रसाद पंचाल,अशोक बड़ोदिया, गंगाराम बिलोदा, अंबालाल बांसवाड़ा, रामचंद्र बांसवाड़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र डूंगरपुर,गिरीश, हीरालाल, विजेंद्र, जितेंद्र, भगवतीलाल,हरीश, आनंदलाल, कमलेश,नारायणलाल, हरिओम, बलराम, हिन्दप्रकाश, घनश्याम, राजेश, प्रवीण, धीरेन्द्र, ललित, सुरेश, पंकज, चिराग, जागेश एवं समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी समस्य केंद्रित कार्यकारिणी सदस्य समस्त चोखरा अध्यक्ष एवं समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी उपस्थित रहे हैं । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय पंचाल डूंगरा छोटा द्वारा दी गई।

## कठूमर सीएचसी पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस

मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)** राजकीय आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कठूमर में समस्त नर्सेज स्टॉफ की उपस्थिति में नर्सेज प्रोफेशन की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइट इंगल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया।

सीएचसी प्रभारी डॉ. जवाहर सैनी ने सभी को नर्सेज दिवस की शुभकामनायें देते हुये कहा कि मरीजों की सेवा ही हमारा धर्म है, हमें हमेशा निःस्वार्थ भाव से एक सच्चे नर्सिंग अधिकारी के कर्तव्यों का पालन करना चाहिये। नर्सिंग अधीक्षक रामरतन सैनी ने फ्लोरेंस नाइट इंगल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती भी है। 12 मई 1820 को जन्मी फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक अंग्रेजी समाज सुधारक, सांख्यिकीविद् और आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक थीं। उनकी याद में ही वर्ष 1974 से इंटरनेशनल काउंसलिंग आफ नर्सेज की ओर से यह अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस फ्लोरेंस नाइट इंगल नर्सेज प्रोफेशन की जन्मदात्री के जन्मदिवस दुनियाभर में मनाया जा है। एक नर्सेज प्रोफेशन का जन्म हुआ जो आज चिकित्सा जगत की रीढ़ है। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमंत वर्मा, डॉक्टर सतीश चौधरी, डॉ. योगेश, डॉ के के यादव एवं नर्सिंग स्टाफ रामरतन सैनी, प्रेम सिंह रौतावर, विक्रम सिंह, प्रहलाद, राकेश, राजवती, कुलदीप साहू, रिंकी वर्मा, नेहा कुमारी, कमलेश गुर्जर आदि नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे।



## पूर्णेश्वरमहादेव मंदिरपहलगामआंतकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के आत्माओं की शान्ति के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** परतापुर --- विप्र फाउंडेशन ब्लाक कार्यकारिणी गढ़ी द्वारा सतोरा चौक स्थित पूर्णेश्वरमहादेव के सानिध्य में पहलगाम आंतकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के आत्माओं की शान्ति व उसके विरुद्ध सेना द्वारा चलाए गए सिन्दूरी ओप्रेशन के संबलन व भारतीय सेना के जवानों द्वारा की गई कार्यवाही पर हर्ष व्यक्त करने व देश की एकता अखंडता को प्रणाम करते हुए आज दिनांक को उक्त अनुष्ठान का आयोजन किया गया। प्रारंभ में आशिष पटेल विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष, राजेन्द्र उपाध्याय विप्र फाउंडेशन के प्रदेश सचिव, सुधिर भट्ट नगर सम्पर्क प्रमुख विजय शर्मा विप्र फाउंडेशन ब्लाक गढ़ी अध्यक्ष द्वारा भगवान परशुराम व हनुमान जी की तस्वीर पर माल्यार्पण धुप दीप जलाकर अर्चना कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया। आचार्य अमित पंड्या ने वैदिक मंत्रों से देवताओं का आव्हान व परशुराम मंत्रों का जाप सामुहिक करवाया गया इस अवसर पर स्थानीय सुन्दर कांड टीम के प्रमुख जुगल पंड्या, सचिन शर्मा, कपिल सोनी, गौरव शर्मा, राजेन्द्र ईगल द्वारा हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया। कार्यक्रम में आगंतुक सर्व सनातन समाज के मान्यवरों का गिरीश एस पंड्या द्वारा उपरणा पहनाकर स्वागत किया। सेना के शोर्य पराक्रम पर पाथेय आशिष पटेल, सुभाष चन्द्र भट्ट जिला उपाध्यक्ष वी.एच.पी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सतीष टेलर, जयप्रकाश भट्ट सेवा भारती प्रकल्प प्रमुख, किशोर पंड्या, ब्लाक मंत्री भरत दवे, नगर अध्यक्ष राजेश आचार्य, संरक्षक गिरीश .वी . पंड्या विप्र फाउंडेशन ब्लाक गढ़ी, रामचंद्र पंचाल नगर अध्यक्ष वी.एच.पी सर्वेश्वर, गौशाला प्रमुख मिलिंद आचार्य, मणिलाल भट्ट, गौरीशंकर नादियोत, केशव पंड्या, ईश्वरलाल नादीयोत, दिनेश भट्ट, प्रमोद तिवारी मनोज शुक्ला , राजेश मेहता, विजय पंड्या, राजेश भट्ट,अजय पंड्या, मानस भट्ट , ध्रुव भट्ट, सुमित भट्ट,जयेष पंड्या,महेश पंड्याआदि ने भाग लिया। कार्यक्रम संचालन प्रविण पटेल भारत विकास परिषद परतापुर ने किया आभार विजय कुमार शर्मा ने व्यक्त किया।



## स्वामी विवेकानंद महाराज ने रनी वनी गोधाम में की श्री कृष्ण मूर्ति स्थापना श्री कृष्ण मूर्ति स्थापना से भक्तों में छाई खुशी की लहर

### बोलिए श्रीकृष्ण कन्हैया लाल की जय के नारों से रनी वनी की पहाड़ी वादिया हुई गुंजाएमान

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़ नवागाम: में गणाऊ ग्राम पंचायत के रनि वनि गोधाम में आज भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापना का आयोजन सन्त श्री विवेकानन्द जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ सर्व विदित हे कि रनी वनी गोधाम का जीर्णोद्धार राष्ट्रीय सन्त श्री जगदीश गोपाला महाराज द्वारा किया गया था धाम के व्यवस्थापक महंत मोहन गिरि महाराज ने बताया कि यहां आस पास का पूरा क्षेत्र सनातन हिंदू जनजाति समाज का हे और यह धाम आज लोगों की श्रद्धा व धर्मजागरण के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हो रहा हे । यहां की महंत वागड़ की शबरी के नाम से प्रसिद्ध माताराम पुंजल देवी द्वारा वर्षों से धुनी धाम को स्थापित किया गया हे । इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद महाराज ने बताया कि सामाजिक समरसता ओर धर्मजागरण के निमित आज श्री परशुराम लिमथान धाम से विप्र फाउंडेशन के द्वारा श्री कृष्ण की प्रतिमा सप्रेम भेंट की गई जिसे आज रनी वनी में पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रतिष्ठित किया गया साथ ही में भगवान श्री कृष्ण से गौ रक्षा,धर्म रक्षा ,राष्ट्र रक्षा का सामूहिक संकल्प और आशीर्वाद लिया गया गोभक्त निर्दोष पंचाल ने सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को संभालते हुए कहा कि इस सुदूर पहाड़ी जंगल क्षेत्र में भगवान की ओर संतो की कृपा से ही भगवान की प्रथम मूर्ति की स्थापना हो पाई हे यहां आस पास कोई धुनी धाम नहीं यहां पौराणिक मान्यता हे कि रनी वनी नाम की दो बहने थी जो जंगल में आग लगने की वजह से जल गई थी जो आज भी कभी कभी दो बालिकाओं के रूप में जंगल में दिखाई देती हे इन दो बहनों की याद में इस क्षेत्र का नाम रनी वनी रखा गया हे। इस अवसर पर विनोद पानेरी, विनोद व्यास, शैलेन्द्र चौबीस, बसन्ती देवी, सरपंच धिरजमल सुखराम, मणिलाल, रमेश एवं सर्व सनातन हिंदू जनजाति समाज के धर्मावलंबी भक्तजन ,ग्रामीणजन उपस्थित रहे इसके साथ क्षेत्र में धुनी धाम के मेट,कोटवाल मंडली भगत, साधु संत ने स्वामी विवेकानंद महाराज के सानिध्य में पूर्णाहुति नारियल होम कर सामूहिक महाआरती उतारी तत्पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया मोहन गिरि एवं बसंती देवी ने स्वामी विवेकानंद महाराज का गुरु पूजन कर आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया आयोजन के अंत में सभी का आभार धन्यवाद मोहन गिरि महाराज ने व्यक्त किया



## राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक में है भारी आक्रोश सरकार नहीं दे रही है संघ की मांगो पर ध्यान

मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)।** राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ (रेस्टा) जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार राजोरिया ने संघ के माध्यम से अपनी मांगों का ज्ञापन शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव को कई बार देकर और व्यक्तिगत मिलकर अपनी बात कही लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। रेस्टा के प्रदेशाध्यक्ष हरलाल गढ़वाल ने बताया कि अंतरमंडल स्थानांतरण पर वरिष्ठता विलोपन नहीं करने, नव क्रमोन्नत सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में व्याख्याता के पद सृजित किया जाए और तीन सत्र की बकाया डीपीसी जल्दी से जल्दी की जाए जिससे वरिष्ठ अध्यापकों को पदोन्नति के अवसर मिले द्य रेस्टा के प्रदेश महामंत्री सुरेश बिश्नोई ने बताया है कि सरकार शिक्षा के सबसे बड़े कैडर बेस संगठन रेस्टा की मांगो पर ध्यान नहीं दे रही है जिससे वरिष्ठ अध्यापकों में भारी आक्रोश है यदि अभी भी सरकार हमारी मांगो पर ध्यान नहीं देती है तो वरिष्ठ अध्यापक सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगा जिससे समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी प्रदेश महासचिव मनोज धाभाई ने बताया कि सरकार को हमारी मांगो की और ध्यान आकर्षित कर जल्दी समाधान करना चाहिए और शिक्षा विभाग में तबादला करने के लिए पारदर्शी स्थानांतरण नीति और बिना अनुशंसा के तबादले होने चाहिए

## खेड़ली में जैन मुनि और साध्वियों के सानिध्य में 14 को होगा दीक्षा का भव्य कार्यक्रम

### आज होगा वर्षीदान निकाली जायेगी शोभायात्रा

मरुधर विशेष

**खेड़ली।(दिनेश लेखी)** कस्बे के श्वेतांबर पालीवाल जैन समाज द्वारा मुंबई की रहने वाली मुमुक्षु श्रीमती कल्पना जैन द्वारा सांसारिक जीवन त्याग कर जैन साध्वी बनने के लिए दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार 10 मई से शुरू हुए पांच दिवसीय दीक्षा महोत्सव में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जैन मुनि और साध्वियों के सानिध्य में मुमुक्षु का दीक्षा कार्यक्रम 14 मई को किया जाएगा। जैन साध्वी शासन ज्योति महाराज साहब के सानिध्य में मुमुक्षु श्रीमती कल्पना जैन का दीक्षा महोत्सव 10 मई को सुबह साढ़े पांच बजे मंगल गीतों से शुरू किया गया।



इसके बाद आठ बजे महा मंत्राभिषेक तथा रात्रि आठ बजे दीक्षा गीत का कार्यक्रम किया गया। रविवार 11 मई को सुबह आठ बजे श्री वर्धमान पूजा तथा सायं सात बजे बांदोली का कार्यक्रम हुआ। जिसमें जैन परिवारों द्वारा मुमुक्षु का सम्मान किया गया। इस दौरान कस्बे के श्वेतांबर पल्लीवाल जैन धर्मशाला पर हुए कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के लोग मौजूद रहे।वही सोमवार को हल्दी मेहंदी की रस्म, दीक्षा गीत, वस्त्र रंगोत्सव एवं छाब भराई सहित अनेक कार्यक्रम किये गये तथा रात्रि प्रभु भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उधर सोमवार सुबह जैन मुनि मुनिराज श्री धर्मशील विजय जी महाराज व मुनिराज श्री पद्मशील विजय जी महाराज पैदल विहार कर खेड़ली पहुंचे जहां हिण्डौन फाटक पर काफी संख्या में जैन समाज के लोग महाराज की अगुवाई करने के लिए पहुंचे और बैंड-बाजे के साथ नगर भ्रमण करा गया इस दौरान महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गयी जैन मुनियों का जगह-जगह लोगों द्वारा पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया।

नगर भ्रमण के बाद जैन मुनि आचार्य स्टेशन रोड स्थित श्वेताम्बर पल्लीवाल जैन मंदिर पहुंचे और दर्शन किये जिसके बाद जैन धर्मशाला पहुंचे।

## दांतवाड़ धाम में बुद्ध पूर्णिमा पर हजारों भक्तों ने लगाई परिक्रमा लगाई और बाबा के चरणों में माँगी मन्नत

मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)** । उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थस्थल दांतवाड़ धाम में बुद्ध पूर्णिमा को दाँतवाड़ बाबा का मेला भरता है जिसमें सोमवार को हजारों भक्तों ने परिक्रमा लगाई और बाबा के चरणों में अपनी मन्नत माँगी। श्री दाँतवाड़ धाम सेवा समिति के कोषाध्यक्ष नवीन कुमार सैनी ने बताया कि पर दूर दराज से आए भक्तों ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बाबा की प्रसिद्ध तीर्थ स्थल के परिक्रमा मार्ग जगह जगह प्याऊ लगाकर श्रद्धालुओं को गर्मी में ठंडा पानी पिलाया जा रहा हैं। इस मौके पर प्रवीण प्रजापत, रोहिताश सैनी, दिनेश निवेरिया, बलराम सैनी, सुख राम मीना घोसराना सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



# हरियाणा से हत्या कर राजस्थान में लाकर सबूत मिटाने के लिए जलाया था युवक का शव किशनगढ़ बास थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता, हत्या का किया खुलासा

## पुलिस ने मृतक की पहचान कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार व अन्य की तलाश जारी

## रघुवर गुर्जर कांस्टेबल की रही विशेष भूमिका



दोनों आरोपी



पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी

### उक्त मामले में पुलिस ने दो जनो को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

किशनगढ़ बास पुलिस ने उक्त प्रकरण में इन्द्रपाल उर्फ भोला पुत्र तिलकचन्द वर्मा जाति सुनार उम्र 30 साल निवासी बुपनिया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा, शक्ति कुमार पुत्र धनीराम जाति जाट उम्र 30 साल निवासी बुपनिया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा को किशनगढ़ बास पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### झिरन्डिया सरपंच प्रतनिधि ने दी थी पुलिस को जानकारी

श्रीमती सीमा देवी झिरन्डिया सरपंच प्रतनिधि अशोक कुमार ने 4 मई को झिरन्डिया के खेत में मिली अज्ञात युवक के शव की जानकारी सबसे पहले पुलिस को दी थी और इस मामले को सुलझाने में भी पुलिस का सहयोग किया है।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

उक्त मामले को सुलझाने में जितेन्द्र सिंह उ.नि.थानाधिकारी थाना किशनगढ़बास, निक्की, संदीप जोगेन्द्र, हरीश, सुनिल, सुरेन्द्र साइबर सैल टीम जिला खैरथल-तिजारा, रघुवर पुलिस थाना किशनगढ़बास टीम में शामिल रहे।

मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह किशनगढ़ बास ।** किशनगढ़ बास थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव झिरण्डिया के जंगलों में गत दिनों चार मई को एक व्यक्ति का नग्न अवस्था में अर्धजला मिला शव के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है, खैरथल-तिजारा जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में थाना पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद मृतक युवक की पहचान और मृतक युवक की हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। यह मामला पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण था क्योंकि मृतक और आरोपी जिला झज्जर हरियाणा के निवासी थे। इस मामले में पुलिस ने डेढ़ सौ से भी अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सोमवार को खैरथल-तिजारा जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार एवं किशनगढ़ बास डीएसपी राजेंद्र निर्वाण सहित थानाधिकारी जितेंद्र कुमार शेखावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा किया



एसपी मनीष कुमार व राजेन्द्र निर्वाण डीएसपी प्रेसवार्ता करते हुए

है। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि गत चार मई को थाना क्षेत्र में झिरण्डिया गांव से बाहर खेडला गांव को जाने वालें रोड़ के पास रविन्द्र जाट के खेत में एक व्यक्ति की नग्न अवस्था में केमिकल से अर्धजली हुई व एक हाथ कटी हुई लाश पड़ी हुई मिली थी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टीम गठित कर जांच शुरू की गई। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन पर टीम गठित कर आरोपियों की तलाश व लाश की शिनाख्तगी करने के निर्देश दिए गये। रतनलाल भार्गव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरथल - तिजारा के सुपरविजन एवं राजेन्द्र सिंह निर्वाण आरपीएस वृताधिकारी वृत किशनगढ़बास और थानाधिकारी जितेंद्र शेखावत के द्वारा घटना स्थल का मुआयना किया गया। मोके पर एफएसएल टीम का विजिट करवाया गया। साईबर सैल व पुलिस थाना किशनगढ बास की संयुक्त टीम गठित की गई गठित टीम द्वारा आसपास के करीब 200 कैमरे चैक किये गये तथा तकनीकी सहायता संदिग्ध कार व मोटरसाईकिल का पीछा करते हुये बुपनिया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा पहुंचे जहां मृतक की जली हुई लाश के फोटो दिखाये गये व पुलिस थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा में जाकर पूछताछ की गई तो दिनांक 4 मई 2025 को मनोज की गुमशुदगी दर्ज मिली जिसकी प्रति प्राप्त कर वारिसान से संपर्क किया गया। मृतक की पहचान मनोज पुत्र श्रीओम जाति जाट उम्र 23 साल निवासी बुपनिया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा के रूप में की गई। आरोपियों के बारे में पूछताछ कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जाकर आरोपी इन्द्रपाल उर्फ भोला पुत्र तिलकचन्द वर्मा जाति सुनार उम्र 30 साल निवासी बुपनिया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा व शक्ति कुमार पुत्र धनीराम जाति जाट उम्र 30 साल निवासी बुपनिया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से की गई पूछताछ से ज्ञात हुआ कि मृतक मनोज व आरोपी एक ही गांव बुपनिया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा के निवासी थे तथा पुरानी रंजिसवश दिनांक 3 मई 2025 को सांयकाल गांव बुपनिया में ही हत्या कर लाश को कार में डालकर एक मोटरसाईकिल से आगे आगे चलकर पुलिस की रैकी करते हुये गांव झिरंडिया में सुनशान जगह पटककर मृतक की पहचान छुपाने के लिसे पेट्रोल व केमिकल डालकर लाश को जला दिया तथा मृतक के दाहिने हाथ पर बने टेटू को मिटाने के लिये धारदार हथियार से हाथ काट दिया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय जाकर पुलिस रिमांड लिया जाकर गहन पूछताछ जारी है। इस घटना में अन्य शामिल आरोपियो की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि आरोपियों की झिरंडिया गांव में रिश्तेदारी हैं और यहां उनका आना जाना लगा रहता था इसलिए उन्होंने पहचान छुपाने के लिए झिरंडिया गांव के खेत में युवक को केमिकल डालकर जलाया था। उक्त कार्रवाई की सराहना करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने किशनगढ़ बास थाना पुलिस और टीम में शामिल सभी जवानों को बधाई दी। उक्त कार्रवाई में किशनगढ़ बास थाना पुलिस के रघुवर गुर्जर कांस्टेबल की विशेष भूमिका रही हैं।

### पुरानी रंजिश के चलते की गई युवक की हत्या

एसपी मनीष कुमार ने खुलासा के दौरान बताया कि मृतक युवक और आरोपियों में पुरानी रंजिश चल रही थी जिसको लेकर आरोपियों ने युवक की हत्या करना कबूल किया है। गिरफ्तार आरोपी और मृतक युवक के खिलाफ स्थानीय थानों में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज होना पाया गया हैं।

### झिरण्डिया गांव में आरोपियों का निकला कनेक्शन

एसपी मनीष कुमार ने बताया कि आरोपियों का किशनगढ़ बास थाना क्षेत्र के गांव झिरण्डिया में रिश्तेदारी का कनेक्शन है। आरोपियों का गांव झिरण्डिया में रिश्तेदारों के पास होता था आना-जाना आरोपियों को ये पता था की यहां जंगल एरिया है और किसी को कुछ पता भी नहीं चल पायेगा, इसलिए ही आरोपियों ने इस जगह को ही चुना। और मृतक मनोज की हत्या कर गांव झिरण्डिया के खेतो में अधजला शव को खेत में छोड़कर मौके से फरार हो गए।



मृतक मनोज

---

# अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया

मरुधर विशेष



**कोटपूतली सीताराम गुप्ता** जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। यहाँ के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में समस्त नर्सेज स्टॉफ की उपस्थिति में नर्सेज प्रोफेशन की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइट इंगल की प्रतिमा पर माल्र्यापण एवं पुष्प अर्पित कर अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। कार्यवाहक पीएमओ डॉ. नरेश छिपी ने सभी को नर्सेज दिवस की शुभकामनायें देते हुये कहा कि मरीजों की सेवा ही हमारा धर्म है, हमें हमेशा निःस्वार्थ भाव से एक सच्चे नर्सिंग अधिकारी के कर्तव्यों का पालन करना चाहिये। नर्सिंग अधीक्षक पूरण सिंह शेखावत ने फ्लोरेंस नाइट इंगल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यह अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस फ्लोरेंस नाइट इंगल नर्सेज प्रोफेशन की जन्मदात्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। जिनका जन्म 1820 में एक धनाढ्य परिवार में हुआ था। जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूर्ण होने पर उस दौरान चल रहे क्रीमियन युद्ध के दौरान ब्रिटिश और मित्र सैनिकों की निःस्वार्थ माता-पिता के विरोध के बावजूद स्वयं की मर्जी से घायल मरीजों की सेवा के लिये तुर्की गई। जहां रात भर जग कर कैंडल की रोशनी में मरीजों की सेवा की। जिससे इनको लेडी विद द लैंप भी कहा जाता है। 1850 के दशक में इन्होंने नर्सिंग का प्रशिक्षण लिया और 1853 में पेरिस में मारसी बहिनों के साथ नर्सिंग का अतिरिक्त प्रशिक्षण लिया। जिससे 1874 में एक नर्सेज प्रोफेशन का जन्म हुआ जो आज चिकित्सा जगत की रीढ़ है। इस दौरान राजाराम यादव, बलबीर यादव, बाबूलाल नैनावत, सुरेश कुमार, रमाकांत यादव, जयदयाल यादव, मनोज कुमार शर्मा, उमेश चंद्र वर्मा, गजानंद सिंह तंवर, जयराम यादव आदि नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार यहाँ के नागाजी की गौर स्थित राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सोमवार को राजस्थान राज्य संयुक्त नर्सेज एशोसिएशन के कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष एसएनओ लालचन्द यादव के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। यादव ने सभी नर्सिंगकर्मियों से निःस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करने की बात कही।

# " शुद्ध आहार मिलावट पर वार " अभियान खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत बड़ी कार्यवाही

### 60 खाद्य पदार्थों की प्रयोगशाला से आई जाँच रिर्पोट 22 नमूने जाँच में अवमानक एवं असुरक्षित पाये गये


मरुधर विशेष

**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहें "शुद्ध आहार मिलावट पर वार" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत बड़ी कार्यवाही की गई। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत 27 फरवरी से 05 मई तक जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा व नेहा शर्मा द्वारा 108 एक्ट के नमूने एवं 178 सर्विलांस नमूने लिये गये है। जिनमें से 60 खाद्य पदार्थों की जाँच रिर्पोट प्रयोगशाला से प्राप्त हुई है। जिनमें से 22 नमूने जाँच में अवमानक एवं असुरक्षित पाये गये है। इन नमूनों में पनीर, घी, खोया, आइसक्रीम, ब्रवरेज, मिठाई, दूध से बने अन्य उत्पाद शामिल है। इन नमूनों की जाँच कर अब संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया जायेगा। जिसमें संबंधित के खिलाफ जुर्माने और सजा का प्रावधान है। जाँच रिर्पोट के अनुसार जिले के कई मिठाई की दूकानों, किराणा स्टोर एवं मावा प्लांट से लिये गये कई नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे है। इनमें मैसर्स महादेव फैमली रेस्टोरेन्ट शाहंजहांपुर, मैसर्स बालाजी मिल्क फूड़ कोटपूतली, मैसर्स गुप्ता मिष्ठान भण्डार मांढ़ण, मैसर्स इन्द्रमाला बाबूलाल बानसूर, मैसर्स मनीष फूड्स सोतानाला, मैसर्स बीकानेर मिष्ठान भण्डार पावटा, मैसर्स जोधपुर स्वीट्स होम बहरोड़, मैसर्स हिमांशु मावा एवं मिष्ठान भण्डार प्रागपुरा, मैसर्स श्री श्याम सरस एजेंसी बहरोड़, मैसर्स फाइन ड़ाइन हॉसपिलिटि कोटपूतली, मैसर्स कांता स्वीट्स नीमराणा, मैसर्स तिरूपति होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट कोटपूतली, मैसर्स प्रिंस मावा पनीर भण्डार बानसूर, मैसर्स बालाजी मेगा मार्ट पावटा, मैसर्स स्वामी सरस एजेंसी पावटा, मैसर्स जवाहर मेगा मार्ट पावटा, मैसर्स अवाना मिष्ठान भण्डार बानसूर, मैसर्स श्री बालाजी मिष्ठान भण्डार हमीरपूर, मैसर्स वासुदेव डेयरी नांगड़ीवास जैसे प्रतिष्ठानों के नमूने जाँच में अवमानक एवं असुरक्षित पाये गये है। साथ ही मण्ढ़ा के हिमांशु मावा स्टोर से करीब 715 किलो मिलावटी मावा, 175 किलो मिल्क पाउडर एवं 30 किलो वनस्पति, साथ ही नांगड़ीवास में वासुदेव डेयरी एवं काव्या दूध डेयरी से 1100 लीटर मिलावटी दूध, 65 किलो मिल्क पाउडर, 40 किलो वनस्पति एवं 10 किलो सिंथेटीक पेस्ट कार्यवाही के दौरान नष्ट करवाया गया था। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत अवमानक पाये गये प्रकरणों में 05 लाख तक का जुर्माना तथा असुरक्षित पाये गये प्रकरणों में न्यायालय द्वारा 6 माह से 3 वर्ष तक की सजा व 05 लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

# राजकीय महाविधालय परिसर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की मूर्ति के आगे (रील) वीडियो बनाने पर होगी कानूनी कार्यवाही

### महाविधालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने जारी किया आदेश

मरुधर विशेष



**कोटपूतली,** यहाँ के राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविधालय परिसर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की मूर्ति के आगे (रील) वीडियो बनाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने सोमवार को एक आदेश जारी कर स्पष्ट निर्देश दिये है कि महाविद्यालय के अन्दर किसी भी प्रकार की कोई रील नहीं बनाई जाये। अगर किसी के द्वारा परिसर में रील बनाई जाती है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि आरएलपी विधानसभा अध्यक्ष देशराज पायला ने बताया कि विगत कई दिनों से शिकायतें आ रही थी कि महाविद्यालय में स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की मूर्ति के आगे (रील) वीडियो बनाकर उसमें गाने जोडकर सोशियल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। इस सम्बंध में पायला ने महाविधालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह से बात की तो उन्होंने शीघ्र आदेश जारी कर वीडियो बनाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की बात कही।

# नौकरी के नाम पर लाखों की ठगीः एक और आरोपी गिरफ्तार

मरुधर विशेष



**रेवाड़ी (अमित सैनी)** थाना जाटूसाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला चरखी दादरी के गांव बोंद कला निवासी रविन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस जांच के अनुसार, 1 दिसम्बर 2021 को गांव मोतला खुर्द की एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसके बेटे को आर्मी में भर्ती करवाने के नाम पर उसके साथ 8.5 लाख रुपये की ठगी की गई। महिला के अनुसार, गांव के ही मनोज और उसके भाई ने कहा था कि उनका दामाद पवन कुमार आर्मी भर्ती टीम में है और वह उसके बेटे को नौकरी दिलवा सकता है। कुछ दिन बाद मनोज, उसका भाई और एक महिला मधु उसके घर आए। मधु ने बताया कि भर्ती के लिए 8.5 लाख रुपये लगेंगे। महिला ने 5.5 लाख रुपये नकद और बाकी रकम आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। कुछ दिन बाद उसे एक फर्जी नियुक्ति पत्र भेजा गया। जब महिला ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने मना कर दिया। पुलिस ने इस शिकायत पर मामला दर्ज कर पहले ही छह आरोपियों– पवन कुमार, मधु, पंकज, दीपक, मनोज और मंदीप को गिरफ्तार कर 3.72 लाख रुपये की राशि बरामद कर ली थी। अब सातवें आरोपी रविन्द्र को भी गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और उम्मीद की जा रही है कि और भी खुलासे हो सकते हैं।

# विप्र सेना द्वारा जून माह मे प्रतिभा सम्मान समारोह

मरुधर विशेष



**विप्र** सेना के प्रमुख पदाधिकारीयों कि बैठक बड़ा रामद्वारा मैं संपन्न हुई सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पिछले साल भांति ये वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह किया जायेगा जिसमे जिले के प्रतिभाओ को सम्मानित किया जायेगा प्रतिभा सम्मान समारोह जून माह मे किया जायेगा जिसके सयोजक हरीश ठाकुर,सह सयोजक सुनील दवे और यश जोशी को बनाया ये अवसर पर राष्ट्रीय सचिव मुकेश पाठक, जिलाध्यक्ष मिलन पंड्या, प्रदेश सचिव हेमेंद्रनाथ पुरोहित,हेमंत त्रिवेदी,सभागीय महासचिव ललित द्विवेदी,युवा जिलाध्यक्ष मयंक व्यास, युवा जिला महामंत्री सौरभ जोशी,भूमित वैष्णव आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे

# शांतिकुंज हरिद्वार के लिये 161 क्विण्टल गेंहू के ट्रक को किया रवाना



मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निःशुल्क भोजनालय हेतु गायत्री चेतना केन्द्र कोटपूतली द्वारा कोटपूतली के सभी अन्न दानदाताओं से एकत्रित किये गये 161 क्विण्टल गेंहू के ट्रक को सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी शंकर लाल कसाना द्वारा कृषि उपज मण्डी परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान छीतरमल अग्रवाल, किश्मेरी लाल शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, रामसागर, रामरतन, किशन लाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, रमेश सैनी, कमल जांगिड़, मूलचन्द सैनी, बद्रीप्रसाद शर्मा, महेन्द्र शर्मा, सुन्दर लाल, दीनदयाल गौड़, सतीश शर्मा, महेश चन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र मीणा, धर्मेन्द्र योगी, कैलाश चन्द्र, सुनील यादव, ठाकुर दत्त शर्मा, महेन्द्र पटेल, जिला समन्वयक कंवर सिंह जांगिड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

# शिवगंजः प्रोपर्टी डीलर की हत्या से जुड़ी खबर

मरुधर विशेष

**जमीनी** विवाद के चलते प्रोपर्टी डीलर जसवंत जैन की हुई हत्या, मृतक जसवंत जैन अपने 2 लोगों के साथ करवा रहा था खेत की साफ सफाई, तो दूसरे पक्ष के 2 लोगों ने धारदार हथियार से किया हमला, आरोपियों ने धारदार हथियार से जसवंत जैन की गर्दन पर किया वार, जिसके कारण मौके पर ही जसवंत जैन की हुई मौत, वहीं हमले में मृतक जसवंत जैन के दो साथी भी हुए गंभीर घायल, मौके पर पहुंची MOB टीम व FSL टीम ने जुटाए साक्ष्य, पुलिस ने एक व्यक्ति को किया राउंडप तो दूसरे की तलाश में जुटी पुलिस, शिवगंज थाने के कॉम्बेश्वर रोड की घटना, DSP पुष्पेंद्र वर्मा, थानाधिकारी बाबूलाल राणा सहित पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद

# हुलमाना खुर्द में बाबा नीमवाला का विशाल भंडारे का आयोजन गायक कलाकारों ने बाबा का किया गुणगान

मरुधर विशेष



**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना के निकटवर्ती हुलमाना खुर्द गांव में सोमवार को बाबा नीमवाला महाराज के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंडावर विधायक ललित यादव एवं भाजपा नेता इन्द्र यादव समाजसेवी रहे। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि किन्नर गुरु मधु शर्मा नीमराना, भाजपा नेता हरीश यादव हरी नगर रहे। विधायक ललित यादव ने धार्मिक कार्य का आयोजन समाज को आपस में जोड़ने का कारण बताया ऐसे धार्मिक कार्य होते रहना चाहिए। भाजपा नेता इंद्र यादव ने कहा कि हमारे समाज में चल रही कुप्रथाओं पर रोक लगानी चाहिए युवा साथियों को पढ़ाई की और ध्यान देना चाहिए न की ग़लत कार्यो पर युवा साथी घर से बाहर निकलने से पहले माता पिता का आशीर्वाद लेकर निकलना चाहिए माता पिता का आशीर्वाद लेकर निकलने से हमे सफलता जरूर मिलती है । हुलमाना कलां सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट नरेंद्र धनवाल एवं ग्रामीण के द्वारा अतिथियों का फूल माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन राजा पंडित के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय पटेल, कंचन यादव, भारती चौधरी, राजू गोला, रोहिताश दायमा की पार्टी के द्वारा बाबा की महिमाओं का गुणगान किया गया। इस अवसर पर रामकिशन थानेदार, होशियार कैप्टन, विशंभर दयाल, भीमसिंह थानेदार, उदय सिंह पूर्व सहायक अभियंता, बिल्लू भगत जी, अमर सिंह धनवाल,कुलदीप योगी, कृष्ण योगी, पवन यादव, राकेश,संजय,कृष्ण ,सुधीर,युवा नेता धर्मेंद्र यादव,जयपाल मऊ सहित आसपास गांव के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विराट ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। पिछले सप्ताह कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के बाद ही विराट ने भी संन्यास की इच्छा जतायी थी। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उन्हें टीम में बने रहने के लिए मना रहा था पर विराट ने उसके अनुरोध को नहीं माना और सोशल मीडिया के जरिये अपने संन्यास की आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी।

विराट ने रोहित के साथ ही टी20 विश्व कप के बाद टी20 प्रारुप को भी अलविदा कह दिया था। ऐसे में अब वह भी रोहित की तरह केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलेंगे। विराट ने सोशल मीडिया में लिखा है 269 साइनिंग ऑफ। 269 उनका टेस्ट कैप का नंबर है। इसी के साथ ही उनके इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाने की पुष्टि हो गयी है।

अपने संन्यास की घोषणा करते हुए विराट ने सोशल मीडिया में लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहने हुए 14 साल हो चुके हैं। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद कपड़ों में खेलना एक बहुत ही निजी अनुभव है। शांत परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल, जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं।

विराट ने साथ ही लिखा, मैं इस फॉर्मेट से दूर हो रहा हूं पर यह आसान नहीं है। हालांकि, यह सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है, और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज़्यादा मुझे दिया है। मैं दिल से आभार के साथ जा रहा हूं। खेल के लिए, उन लोगों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया और हर एक व्यक्ति के लिए जिसने मुझे इस दौरान देखा। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा। 269, साइनिंग ऑफ।

गौरतब है कि इससे पहले बीसीसीआई ने विराट को इंग्लैंड दौरे के लिए कप्तान बने रहने को कहा था। इसके अलावा अंबाति रायुडू सहित कई क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने भी उनसे संन्यास न लेने का अनुरोध किया था। माना जा रहा है कि विराट ने अपने संन्यास का फैसला एकदिवसीय प्रारुप में अपने कैरियर को लंबा करने लिया है।

### सबसे सफल कप्तानों में शामिल रहे

विराट साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहली बार टेस्ट टीम के कप्तान बनाए गए थे क्योंकि तब महेन्द्र सिंह धोनी ने बीच सीरीज में ही टेस्ट से संन्यास ले लिया था। विराट ने साल 2022 तक 68 टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी की है जिसमें भारतीय टीम ने 40 मुकाबले जीते जबकि 11 टेस्ट मैचों का परिणान नहीं निकला। वह भारतीय टीम के सबसे सफल कप्तानों में शामिल रहे हैं

# आईपीएल : जीते हुए मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांच में से चार बल्लेबाज भारतीय




### –एक ही विदेशी खिलाड़ी को मिली जगह

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अब तक हुए 58 मुकाबलों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। विराट जीते हुए मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस सत्र में अब तक जीते हुए मुकाबलों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की जो सूची सामने आई है, जिसमें भारतीय बल्लेबाज छाये हुए हैं। इस सूची में पांच में से केवल एक ही विदेशी खिलाड़ी को जगह मिली है। इसमें शामिल विराट ने अब तक 11 मैचों में से 8 विजयी मुकाबलों में कुल 475 रन बनाए हैं। उनकी बल्लेबाज़ी की बदौलत आरसीबी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है और प्लेऑफ की दौड़ में भी वह शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं।

इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल इंग्लैंड के जोस बटलर। बटलर ने 8 पारियों में 380 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। गुजरात टाइटंस ने अब तक 11 में से 8 मैच जीते हैं, और बटलर के प्रदर्शन की इसमें अहम भूमिका रही है। वहीं तीसरे नंबर पर भी गुजरात के ही साई सुदर्शन हैं, जिन्होंने 8 पारियों में 340 रन बनाये हैं और लगातार टीम को तेज शुरुआत दिलायी है। गुजरात टाइटंस के ही कप्तान शुभमन गिल ने 8 पारियों में 331 रन बनाए हैं। इस सूची में पांचवें स्थान पर मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 7 पारियों में 303 रन बनाए हैं। इसके साथ ही वे पूरे टूर्नामेंट में अब तक सबसे ज्यादा रन (510) बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# इंग्लैंड दौरे में सुदर्शन को मिल सकती है जगह



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में गुजरात टाइटंस के युवा सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है और वह ऑरेंज कैप के भी शीर्ष दावेदारों में शामिल हैं। सुदर्शन ने इससे पहले घरेलू क्रिकेट में भी काफी रन बनाये थे। ऐसे में ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे में उन्हें जगह मिल सकती है। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद चयनसमित को टीम के एक अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है जिसमें सुदर्शन खरे उतरते हैं। सुदर्शन ने दिखाया है कि वह विपरीत हालातों के बीच ही दबाव के बीच भी रन बनाते हैं।

सुदर्शन ने से कहा, 'वह पिछले चार साल से आईपीएल खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी अनुभव मिला है। इसके कारण ही मुझे कठिन हालातों में खेलने का अवसर मिला है क्योंकि गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए मुझे नेट्स में मुझे काफी तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे अहम चीज जिसने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद की है, वह खेल का समय है जो मुझे यहां मिलता है और टाइटंस के साथ मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के साथ अभ्यास का अवसर भी मिलता है। सुदर्शन ने कहा, 'इन तीन वर्ष में मैंने बहुत कुछ सीखा है। मुझे लगता है कि इससे मुझे खेल को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली है और खेल की बुनियादी बातों को भी समझने में मदद मिली है।

# आईपीएल के 16 या 17 मई को फिर से शुरू होने की संभावना, कोलकाता से बाहर हो सकता है फाइनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग 16 या 17 मई को फिर से शुरू हो सकती है और इसके फाइनल का आयोजन कोलकाता से बाहर किए जाने की संभावना है। शनिवार को संघर्ष विराम की घोषणा ने लीग को फिर से शुरू करने की उम्मीद जगा दी है जिसे नौ मई को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था।

आईपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने लीग को फिर से शुरू करने की योजना पर रविवार को चर्चा की। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड अब भी उपयुक्त कार्यक्रम बनाने पर काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा, 'अभी तक आईपीएल पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। बीसीसीआई अधिकारी समाधान पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई सचिव, आईपीएल अध्यक्ष फ्रेंचाइजी और सभी के साथ बातचीत कर रहे हैं इसलिए बहुत जल्द हमें निर्णय के बारे में पता चल जाएगा। टूर्नामेंट को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।'

आईपीएल के एक सूत्र ने बताया कि लीग लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच लखनऊ में होने वाले मैच के साथ फिर से शुरू होगी - यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 9 मई को खेला जाना था। एक सूत्र ने बताया, 'सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों को वापस बुलाने के लिए कहा गया है। टूर्नामेंट 16 या 17 मई को लखनऊ में फिर से शुरू होगा। अंतिम कार्यक्रम कल (सोमवार) साझा किया जाएगा। सबसे अधिक संभावना है कि मैच चार स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे और दिल्ली तथा धर्मशाला को और मैचों की मेजबानी नहीं मिलेगी। इन स्थानों से सभी उपकरण पहले ही हटा दिए गए हैं।'

सूत्र ने यह भी कहा कि क्वालीफायर एक और एलिमिनेटर के लिए स्थल में कोई बदलाव नहीं होगा जिसकी मेजबानी हैदराबाद को करनी थी लेकिन कोलकाता संभवतः एक जून को होने वाले फाइनल की मेजबानी से चूक सकता है क्योंकि उस दिन शहर में बारिश का पूर्वानुमान है। सूत्र ने कहा, 'अभी तक प्लेऑफ चरण के लिए स्थलों में कोई बदलाव नहीं किया गया है लेकिन ऐसा लगता है कि बारिश कोलकाता में होने वाले फाइनल को प्रभावित कर सकती है। उस स्थिति में फाइनल अहमदाबाद में खेला जा सकता है।'

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'अगले कुछ दिनों में हम लीग के शेष मैचों की मेजबानी करने वाली फ्रेंचाइजी, प्रसारकों, प्रायोजकों और राज्य संघों के साथ परामर्श शुरू करेंगे। इस समय आईपीएल के महत्व को देखते हुए इसे फिर से शुरू करने के समय को अंतिम रूप देने से पहले भारत सरकार की मंजूरी लेना भी विवेकपूर्ण और आवश्यक होगा।' यह संभव है कि पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स को बृहस्पतिवार को रद्द हुए मैच के लिए एक-एक अंक दिया जाए।

पंजाब किंग्स ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे जब भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण धर्मशाला में मैच रोकना पड़ा। खिलाड़ियों को बस से पंजाब के जालंधर ले जाया गया जहां से वे ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। अगर शेष 16 मैचों की मेजबानी के लिए केवल चार स्थलों को चुना जाता है तो दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस को



घरेलू मुकाबलों के आयोजन का मौका नहीं मिलेगा। इसका मतलब है कि टूर्नामेंट के बाकी मैच हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और लखनऊ तक सीमित रहेंगे।

चेन्नई सुपरकिंग्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं और चार प्लेऑफ स्थान के लिए सात टीम दावेदार हैं। गुजरात टाइटन्स अभी 16 अंक और 0.793 के बेहतर नेट रन रेट के साथ तालिका में सबसे आगे है। उसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (16 अंक, 0.482 नेट रन रेट), पंजाब किंग्स (15), मुंबई इंडियंस (14), दिल्ली कैपिटल्स (13), कोलकाता नाइट राइडर्स (11) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (10) का नंबर आता है।

# फ्रेंच ओपन के लिए फार्म हासिल करना चाहते हैं जोकोविच

लंदन । सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का लक्ष्य 25 मई से शुरु होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले अपना फार्म हासिल करना है। इसी कारण 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने जिनेवा ओपन में वाइल्डकार्ड वे प्रवेश लिया है। जिससे वह अपना फॉर्म और फिटनेस हासिल कर सकें। जोकोविच का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है। मोंटे कार्लो और मैड्रिड ओपन में शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए थे, और अपने पिछले तीन मैच लगातार हार चुके हैं। वहीं उन्होंने इस बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट रोम ओपन से नाम वापस ले लिया था हालांकि उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है पर कहा जा रहा है कि वह फ्रेंच ओपन की तैयारियों पर ही ध्यान देना चाहते हैं। जोकोविच का यह सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे पर जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ चोटिल होन के कारण बीच में ही उन्हें हटना पड़ा था। इसके बाद मियामी ओपन में वापसी से पहले उन्हें लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। यहां तक कि चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी जैकब मेनसिक से भी वह हार गये थे। उनके नाम अब तक 99 एटीप एटीपी खिताब है और वह उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर सौवां एटीपी खिताब अपने नाम करना रहेगा।

# आईपीएल के लिए अब शायद ही वापस लौटें विदेशी खिलाड़ी



मुम्बई । भारत ओर पाकिस्तान के बीच पिछले सप्ताह तनाव के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में ब्लैकआउट की स्थित थी और आईपीएल मुकाबले भी स्थगित कर दिये गये थे। ऐसे में सभी विदेशी खिलाड़ी अपने-अपने घरों को लौट गये थे। अब जबकि दोनो ही देशों के बीच संघर्षविराम शुरु हो गया है और हालात भी सामान्य होने लगे हैं। ऐसे में आईपीएल मुकाबले भी फिर शुरु होने की संभावना है। वहीं अब टीमें अपने विदेशी खिलाड़ियों को बुलाने लगी हैं पर माना जा रहा है कि कई खिलाड़ी शायद ही वापस लौटें। वहीं दूसरी ओर संकेत मिले हैं कि आईपीएल के शेष मैच 16 या 17 मई से शुरू हो जाएंगे और मई के अंत तक टूर्नामेंट समाप्त हो जाएगा। वहीं कहा जा रहा है कि जो भारत छोड़ चुके हैं उनके वापस लौटने की संभावना नहीं है। इसमें ज्यादातर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क का नाम सबसे ऊपर है। हेजलवुड इंजरी के कारण शायद ही वापस लौटे क्योंकि वह अधिकतर मैचों से बाहर रहे हैं जबकि स्टार्क के मैनेजर ने कहा है कि जिस तरह के तनाव से वह लौटे हैं उससे थक गये हैं और आराम चाहते हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के भी कुछ खिलाड़ियों के लौटने की संभावना नहीं क्योंकि ये अब अगले माह होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की तैयारी करेंगे। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की संभावित टी में मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस और पैट कमिंस हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम में ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसेन, कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी जैसे खिलाड़ी हैं। ऐसे में इनके आईपीएल के लिए वापसी की उम्मीद नहीं है।

# 2027 एकदिवसीय विश्वकप क्वालीफाई करने इंग्लैंड को जीतनी होगी विस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड की टीम अपने नए कप्तान हैरी ब्रूक के नेतृत्व में अब वेस्टइंडीज के खिलाफ इसी माह शुरु होने वाली एकदिवसीय सीरीज में बड़ी जीत दर्ज कर 2027 विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बने रहने उतरेगी। इसका कारण ये है कि इंग्लैंड की टीम के लिए 2027 एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय रैंकिंग में वह आठवें नंबर पर खिसक गयी है। इंग्लैंड की टीम रैंकिंग में श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी नीचे आठवें स्थान पर आ गयी है। उसके केवल 84 रेटिंग अंक हैं। ऐसे में उसके लिए क्वालीफाई करना करना कठिन होता जा रहा है।




ऐसे में वेस्टइंडीज के साथ 29 मई से 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज उसके लिए अहम। इस सीरीज में अगर वह जीती तो सातवें नंबर पर पहुंच जाएगी। वहीं अगर इस सीरीज में वेस्टइंडीज जीतती है तो इंग्लैंड टीम 9वें पायदान पर पहुंच जाएगी। इससे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में उसे और भी मुश्किलें आयेंगी, ऐसे में उसका लक्ष्य इस सीरीज में किसी भी प्रकार बड़ी जीत दर्ज करना रहेगा। अगर इंग्लैंड रैंकिंग के जरिए सीधे क्वालीफाई नहीं कर पाता है, तो उसे पहली बार विश्व कप क्वालीफायर खेलना पड़ सकता है। इंग्लैंड की टीम पिछले एक साल में 14 एकदिवसीय में से केवल तीन ही जीती है। इससे उसे रेटिंग अंक घटकर 84 हो गये हैं। एकदिवसीय विश्व कप 2027 में 14 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें सह मेजबान होने के कारण जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका को पहले ही टूर्नामेंट के लिए प्रवेश मिल गया है। इसके अलावा एकदिवसीय रैंकिंग की शीर्ष आठ टीमों को ही टूर्नामेंट में अवसर मिलेगा। इंग्लैंड रैंकिंग में वर्तमान में आठवें स्थान पर होने के साथ ही वेस्टइंडीज 83 रेटिंग अंक लेकर नौवें स्थान पर चल रही वेस्टइंडीज से एक अंक आगे हैं।

# वैशाली की जीत से शानदार आगाज, ऑस्ट्रिया में महिला ग्रां प्री के अंतिम चरण की हुई शुरुआत

ग्रॉसलोबमिंग,ऑस्ट्रिया । 2024/2025 फढ्ढष्श्च महिला ग्रां प्री के अंतिम चरण की शुरुआत भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू के शानदार प्रदर्शन से हुई। पहले राउंड में वैशाली ने बुल्गारिया की नुर्ग्यूल सालिमोवा को हराकर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। कुल दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जा रहे



इस टूर्नामेंट में वैशाली भारत की एकमात्र प्रतिनिधि हैं और यह उनका ग्रां प्री श्रृंखला का तीसरा और अंतिम टूर्नामेंट है। पहले राउंड में वैशाली ने काले मोहरों से खेल रहीं सालिमोवा के खिलाफ संतुलित शुरुआत के बाद धीरे-धीरे खेल पर पकड़ बनाते हुए अपने क्वीनसाइड के प्यादों से दबाव बनाना शुरू किया। समय प्रबंधन और काले खानो के नियंत्रण में उनकी बढ़त निर्णायक साबित हुई और उन्होंने मात्र 35 चालों में जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में मेज़बान ऑस्ट्रिया की ओल्गा बडेल्का ने पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को चौंकाते हुए शानदार जीत हासिल की। वहीं चीन की पूर्व विश्व विजेता तान झोंगयी ने एक लंबे और संघर्षपूर्ण मुकाबले में झू जिनर को मात दी। पहले राउंड के बाद वैशाली, तान झोंगयी और ओल्गा बडेल्का 1-1 अंक के साथ बढ़त पर हैं। ग्रां प्री सीरीज की बात करें तो इसमें कुल छह टूर्नामेंट शामिल हैं और हर खिलाड़ी को इनमें से तीन में हिस्सा लेने का अवसर मिलता है। अंत में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली दो खिलाड़ी 2026 में होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेंगी। दूसरे राउंड में वैशाली का मुकाबला जॉर्जिया की लेला जावाखिशविली से होगा।

# पाक दौरे पर शायद ही जाये बांग्लादेश क्रिकेट टीम

**लाहौर (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि वह भारत ओर पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए सुरक्षा हालातों की समीक्षा बाद ही अपनी टीम को पाक दौरे पर भेजेगा। बांग्लादेश की टीम को पांच टी-20 खेलने के लिए पाकिस्तान जाना था पर वहां के कमजोर सुरक्षा हालातों को देखते हुए बांग्लादेश टीम शायद ही वहां का दौरा करे। बीसीबी ने कहा है कि खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा बोर्ड की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि पाक में हालात को देखने के बाद ही इस बारे में कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। इससे पहले बीसीबी ने यूएई के दौरे पर दो टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी। इससे पहले अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की थी कि बांग्लादेश की टीम मई में शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में यूएई की टीम से दो टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। यह मैच 17 और 19 मई को स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे से खेले जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सिरीज 25 मई से 3 जून के बीच होनी थी। यूएई से सीरीज के बाद बांग्लादेश को पाक दौरे पर जाना था पर भारत-पाकिस्तान तनाव को देखते हुए यह सीरीज शायद ही हो पाये।

भारत-पाकिस्तान के बीच अभी संघर्ष विराम शुरु हो गया है पर जिस प्रकार के हालातों में पाक सुपर लीग (पीएसएल) को रोका गया ओ खिलाड़ी बाल-बाल बचकर निकले उससे वे डरे हुए हैं। वहीं पाक बोर्ड (पीसीबी) का कहना है कि अब हालात सामान्य हैं और वह बीसीबी को दौरे के लिए मना रही है।



# सुपरबेट क्लासिक शतरंज : प्रज्ञानन्दा नें अबुसत्तोरोव को हराया , बनाई बढ़त

बुखारेस्ट, रोमानिया (निकलेश जैन) भारत के ग्रांड मास्टर आर प्रज्ञानन्दा नें ग्रांड चैस टूर के दूसरे पड़ाव सुपरबेट क्लासिक शतरंज के तीसरे राउंड में उज्बेकिस्तान के ग्रांड मास्टर अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक पर एक शानदार जीत दर्ज करते हुए यूएसए के फबियानों करूआना के साथ 2 अंक बनाते हुए सयुंक्त बढ़त हासिल कर ली है । सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए प्रज्ञानन्दा नें गुन्फ़ील्ड ओपनिंग में अपने हाथी और काले रंग के ऊंट से अब्दुसत्तारोव के राजा को ऐसा फसाया की वह अंत तक इससे बाहर नहीं आ सके और 61 चालों में उन्होने हार स्वीकार कर ली । प्रज्ञानन्दा नें पहले राउंड में हमवतन डी गुकेश और दूसरे राउंड में यूएसए के फबियानों



करूआना से ड्रॉ खेला था । वहीं करूआना नें फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को पराजित करते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की । भारत के विश्व चैम्पियन डी गुकेश कल एक बार फिर जीत के करीब जाकर भी आधा अंक ही हासिल कर सके , गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए रोमानिया के डेक बोगदान डेनियल के खिलाफ एक अच्छी स्थिति हासिल कर ली थी पर कुछ गलत आकलन के चलते वह अपनी बढ़त खो बैठे , एक समय तो डेक भी जीत के करीब पहुँच गए थे पर अंत में गुकेश लगातार राजा को शह देते हुए खेल ड्रॉ करने में सफल रहे । लगातार 3 ड्रॉ के बाद गुकेश 1.5 अंको के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है । उनके साथ फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा, यूएसए के वेसली सो, पोलैंड के यान डूड़ा, फ्रांस के मकसीम लागरेव और डेक बोगदान भी 1.5 अंको पर है जबकि अब्दुसत्तारोव और यूएसए के लेवान अरोनियन 1 अंक बनाकर खेल रहे है ।

# रोहित और विराट के संन्यास के बाद युवाओं को मिल सकता है अवसर

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने भी टेस्ट प्रारुप से संन्यास ले लिया है। ऐसे में इंग्लैंड दौरे पर दो अच्छे बल्लेबाजों की भारतीय टीम को जरुरत है। जिसके कारण युवा खिलाड़ियों को इस दौरे में जगह मिल सकती हे। बल्लेबाज शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया जा सकता है। वहीं इस दौरे में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इन दोनों ने ऑस्ट्रेलिया में बतौर सलामी जोड़ी के रूप में अच्छी बल्लेबाजी की थी। दोनों को इंग्लैंड में बल्लेबाजी का पिछला अनुभव भी है। इन दोनों के अलावा शुभमन गिल और ऋषभ पंत को भी टीम में जगह मिलना तय है। दो युवा खिलाड़ियों सरफराज खान और ध्रुव जुरेल के अलावा साई सुदर्शन और करुण नायर भी इस दौर के लिए कतार में हैं। दोनों का इंग्लैंड दौरे पर ए टीम में होना तय है। स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में अकेले स्पिनर के तौर पर खेल सकते हैं। वह वॉशिंगटन सुंदर के साथ एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। तेज गेंदबाज के तौर पर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को टीम में जगह मिलना तय है। रिजर्व खिलाड़ियों में और ए टूर स्क्वॉड में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर और अभिमन्यु ईश्वरन शामिल हो सकते हैं।

### संभावित टीम

शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, साई सुदर्शन, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), सरफराज खान, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, आकाश दीप।





# सुमित पुरोहित की बागी बेचारे में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी

बॉलीवुड में नई फिल्म के जरिए धमाल मचाने की तैयारी की जा रही है और इसका नाम है बागी बेचारे। मशहूर लेखक और निर्माता सुमित पुरोहित इस बार निर्देशक की कुर्सी संभाल रहे हैं। यह फिल्म बीई8 फिल्म्स प्रोडक्शन (अश्वनी कुमार), ट्रेनट्रिपर फिल्म्स और इनक्लूसिव पिक्चर्स के सह–निर्माण से बन रही है।

बागी बेचारे में स्कैम 1992 फेम प्रतीक गांधी, पाताल लोक के अभिषेक बनर्जी और पंचायत के फैसल मलिक जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। वहीं, मिर्जापुर के लेखक पुनीत कृष्णा इस प्रोजेक्ट में सह–लेखक की भूमिका में हैं, जबकि इनसाइड एज और श्रीकांत के प्रोजेक्ट्स लिख चुके सुमित पुरोहित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसके अलावा, बंबई मेरी जान के निर्माता अश्वनी कुमार और क्रिएटिव प्रोड्यूसर देवांश पटेल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

बागी बेचारे एक व्यंग्यात्मक कहानी है, जो आज के समय को आईना दिखाएगी। सुमित पुरोहित ने वैरायटी के साथ एक इंटरव्यू में कहा, व्यंग्य मेरे लिए एक तरह का सुकून है। यह हमें उन सच्चाइयों का सामना करने की हिम्मत देता है, जो ना तो पूरी तरह सच लगती हैं और ना ही इन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। इतने सारे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करना मुझे यह यकीन दिलाता है कि हम ऐसी कहानियां बता सकते हैं, जो ना सिर्फ ईमानदार हों, बल्कि हमारे समय को बेबाकी से दर्शाएं।

## कलाकारों का उत्साह

प्रतीक गांधी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना, जो सच्ची कला और सहयोग से बनी हो, बहुत खास है। एक अभिनेता के तौर पर यह प्रेरणादायक है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता हूं। वहीं, अभिषेक बनर्जी ने कहा, यह देखना खुशी की बात है कि स्वतंत्र और रचनात्मक फिल्में आज मुख्यधारा का हिस्सा बन रही हैं। हम सिनेमा के सुनहरे दौर में हैं और एक अभिनेता के तौर पर मैं ऐसी कहानियों का हिस्सा बनना चाहता हूं, जो दर्शकों को नई सोच दें और उनकी उम्मीदों को चुनौती दें।



# मेरे व्यक्तित्व को दर्शाता है 'द रॉयल्स' की सोफिया का किरदार

**अभिनेत्री भूमि पेडनेकर इन दिनों अपने आगामी शो 'द रॉयल्स' को लेकर चर्चाओं में बनी हैं। वो अपने शो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। शो में भूमि एक आत्मविश्वासी और खुले विचारों वाली लड़की सोफिया का किरदार निभा रही हैं। जो उनके बाकी किरदारों से काफी अलग है। अब उन्होंने सीरीज के अपने किरदार और अपने को-स्टार ईशान खट्टर के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर बात की।**


शो को लेकर एक्ट्रेस का कहना है कि पहली बार स्क्रीन पर उनके लुक पर वाकई ध्यान दिया गया और उनकी देखभाल की गई।

अपनी हालिया बातचीत में भूमि पेडनेकर ने सीरीज 'द रॉयल्स' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कहा, यह अनुभव मेरे लिए सबसे अलग था। क्योंकि यह पहली बार था जब मुझे अपने ऑन–स्क्रीन लुक के साथ वास्तव में प्रयोग करने का मौका मिला। पहली बार ऐसे लोग थे जो वास्तव में इस बात की परवाह करते थे कि मैं स्क्रीन पर कैसी दिखती हूं, जो मेरे लिए एक नया और ताजा अनुभव रहा। मैंने कभी भी कट, कट, बाल ठीक नहीं है, ये एंगल, वो एंगल, ऐसा अनुभव किया ही नहीं था। 'द रॉयल्स' में ऐसा देखकर मैं वाकई हैरान थी और काफी खुशी मिली।

इस दौरान भूमि ने अपने किरदार सोफिया को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, सोफिया की भूमिका निभाना, मेरे अपने व्यक्तित्व को दर्शाता है। मैंने कभी किसी किरदार को निभाने में इतना आत्मविश्वास महसूस नहीं किया, जो बदले में दर्शकों के लिए खुल जाता है। मुझे सोफिया का किरदार निभाना बहुत पसंद आया।

## ईशान खट्टर ने निभाया है लीड रोल

प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित 'द रॉयल्स' 9 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है। इस शो में भूमि के साथ ईशान खट्टर और जीनत अमान समेत कई कलाकार हैं। एक रोमांटिक–कॉमेडी ड्रामा सीरीज है।





# मुझे सिंगल मदर कहलाना पसंद नहीं

दिग्गज स्टार हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने साल 2024 में पति भरत तख्तानी से अलग होने का फैसला लिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में ईशा से उनके अलग होने के बाद से सिंगल पैरेंटहुड के बारे में पूछा गया। ईशा ने बताया कि भरत और उन्होंने अपनी दो बेटियों राध्या और मिराया के खातिर एक नया डायनैमिक्स बनाया है। ईशा ने कहा कि मैच्योर पर्सन के रूप में माता–पिता को एक नया डायनैमिक्स विकसित करना चाहिए ताकि परिवार की यूनिट तब भी एक साथ रह सके जब माता–पिता ने अलग होने का फैसला किया हो।यूट्यूब चैनल ममाराज़ी के साथ बातचीत में ईशा से पूछा गया कि क्या सिंगल मॉम होना ज़्यादा सही है या ये बोझिल है? इस पर ईशा ने कहा कि वह खुद को सिंगल मदर के रूप में सोचना पसंद नहीं करती हैं। उन्होंने कहा– मुझे खुद को सिंगल मदर के रूप में सोचना पसंद नहीं है क्योंकि मैं एक सिंगल मदर की तरह व्यवहार नहीं करती और न ही मैं दूसरे व्यक्ति को मेरे साथ ऐसा व्यवहार करने देती हूं। ईशाने कहा, यह सिर्फ इतना है कि जीवन में, कभी–कभी, कुछ चीज़ों के कारण, भूमिकाएं बदल जाती हैं और अगर यह एक तय इक्वेशन में काम नहीं करता है कि दो लोग एक समय में क्या थे, तो आपको इसे अपने ऊपर लेना चाहिए, खासकर जब आपके बच्चे हों, तो दो मैच्योर व्यक्तियों को इसे दूसरे डायनैमिक के रूप काम करना चाहिए लेकिन बच्चों की खातिर यूनिट को एक साथ रखना चाहिए। और ठीक यही मैं और भरत करते हैं।

इसी बातचीत में ईशा से यह भी पूछा गया कि वह अपने काम और बच्चों के बीच समय को मैनेज कैसे करती हैं, तो उन्होंने कहा कि सभी कामकाजी माताओं को टाइम मैनेजमेंट की कला में महारत हासिल करनी चाहिए क्योंकि यह बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, क्योंकि इसके बिना, अगर आपका शेड्यूल बिगड़ जाता है तो यह गिल्ट पैदा करता है और मैनेजमेंट खराब हो जाता है। ईशा ने बताया कि कभी–कभी वह एक महीने पहले ही अपना शेड्यूल बना लेती हैं ताकि वह अपनी बेटियों के लिए समय निकाल सकें।

मैं अपने दोस्तों से कम मिलती हूं, मैं कम बाहर जाती हूं उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, अगर एक दिन मुझे 10 या 12 घंटे शूटिंग करनी है तो मैं अपनी बेटियों के साथ कम से कम 4 घंटे पूरे मन से बिताने की कोशिश करती हूं। छुट्टी वाले दिन मैं पूरा दिन अपने बच्चों के साथ बिताती हूं। मैं ऐसी चीजें करती हूं जो उन्हें पसंद हों, ताकि वे संतुष्ट और संतुष्ट महसूस करें कि मैं उनपर 100 प्रतिशत ध्यान दे रही हूं। मैं अपने दोस्तों से कम मिलती हूं, मैं कम बाहर जाती हूं क्योंकि बैलेंस बनाने का यही एकमात्र तरीका है।

## हमारे दोनों बच्चों का हित और बेहतरी हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण

बता दें कि ईशा और भरत तख्तानी की शादी 2012 में हुई थी। उन्होंने 2024 में एक बयान के साथ अपने अलगाव की घोषणा की, जिसमें लिखा था, हमने आपसी सहमति से और सौहार्दपूर्ण तरीके से अलग होने का फैसला किया है। हमारे जीवन में इस बदलाव के माध्यम से, हमारे दोनों बच्चों का हित और बेहतरी हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है और रहेगा। हम चाहेंगे कि हमारी प्राइवेसी का सम्मान किया जाए।

# ऊटी में थामा के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग कर रहे आयुष्मान खुराना

स्टारर वैम्पायर–थीम वाली कॉमेडी फिल्म थामा शूटिंग के अपने अंतिम फेज में पहुंच गई है। निर्देशक आदित्य सरपोतदार की इस फिल्म का अंतिम शूटिंग शेड्यूल 28 अप्रैल से ऊटी में शुरू हुआ है। क्लाइमैक्स और रोमांस के अहम सीन फिल्माए जाएंगे। यह शेड्यूल 25 मई तक चलेगा। इसमें क्लाइमैक्स और मुख्य किरदारों के बीच रोमांस के सीन्स सहित कई अहम सीन्स शूट होंगे। प्रोडक्शन टीम वर्तमान में तमिलनाडु के नीलगिरी जंगलों में डोड्डाबेट्टा पीक के पास डेरा डाले हुए है, जहाँ वे नवाजुद्दीन के किरदार की कहानी भी फिल्माने की तैयारी कर रहे हैं।



# नेपोटिज्म के आरोपों पर पलक ने दिया जवाब

अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'द भूतनी' को लेकर चर्चाओं में बनी हैं। फिल्म में पलक की एक्टिंग को मिली–जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। इंडस्ट्री में अपनी पहचान में बनाने में जुटीं पलक तिवारी पर अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी होने के नाते नेपोटिज्म के आरोप भी लगते रहे हैं। उन्हें भी इस बहस का कई बार सामना करना पड़ता है। हालांकि, पलक ने हमेशा से ही नेपोटिज्म पर खुलकर बात की है। उनका मानना है कि इंटरनेट की दुनिया में लोग काफी कठोर होते हैं और वो ट्रोल करते हैं, लेकिन हमारा काम है कि अपने माता–पिता की विरासत को बनाए रखना।

बातचीत के दौरान जब पलक तिवारी से उनके समकक्ष कलाकार अनन्या पांडे, खुशी कपूर, इब्राहिम अली खान और जुनैद खान जैसे स्टारकिड्स को अपने फिल्मी घराने से आने के कारण ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है, इसको लेकर सवाल किया गया। तब पलक तिवारी ने जवाब देते हुए कहा, इंटरनेट पर लोग स्टार किड्स के मामले में थोड़ा निर्दयी हैं। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि इसके साथ एक जिम्मेदारी भी होती है। लोग हमारे पैरेंट्स को लेकर काफी प्रोटेक्टिव हैं, क्योंकि वो उनको देखकर बड़े हुए हैं। वो उनसे प्यार करते हैं। मुझे पता है कि प्रेरणा के किरदार ने लोगों को प्यार का मतलब सिखाया है। वो श्वेता तिवारी को लेकर इतना अधिक जुड़ चुके हैं, इतना अधिक सुरक्षात्मक हैं कि जब वो मुझे उनकी बेटी के रूप में एक्टिंग में देखते हैं, तो सोचते हैं कि वह कभी भी उससे मेल नहीं खाएगी। ये सिर्फ लोगों का हमारे माता–पिता को लेकर लगाव और प्यार है।

पलक ने आगे इस बारे में और लोगों की उम्मीदों के बारे में बात करते हुए कहा कि हम स्टारकिड्स कभी भी अपने पैरेंट्स की बराबरी नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, लोग यह भूल जाते हैं कि हम कभी भी अपने माता–पिता की बराबरी नहीं करना चाहते। हम अच्छी तरह जानते हैं कि हम कभी भी उस मुकाम को छू नहीं सकते और हम उनके सबसे बड़े फैन हैं। मुझे लगता है कि मैं सभी स्टार किड्स की तरफ से बोल सकती हूं कि हमारा एकमात्र उद्देश्य बस उस विरासत को बनाए रखना है और उसे नुकसान नहीं पहुंचाना है।





# फ्लॉप के सिक्सर के बाद पूजा हेगड़े की गाड़ी खा रही हिचकोले, इस नई फिल्म को लेकर संकट

**आमतौर पर हिंदी फिल्मों के निर्माता और निर्देशक ऐसी बातें खुल्लम खुल्ला करते हैं और किसी एक सितारे की फिल्में कतार से फ्लॉप होनी शुरू हो जाएं तो उसे 'पनौती' का नाम तक दे डालते हैं, लेकिन एक तमिल और दो तेलुगु फिल्में करने के बाद हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ साल 2016 में फिल्म 'मोहजोदाड़ो' में लॉन्च हुई अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ ऐसा कुछ अभी तक तो नहीं हुआ है। हां, उनकी वरुण धवन के साथ बन रही फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के ताजिये अभी से ठंडे पड़ते दिख रहे हैं।**

इस साल में हिंदी और अब तमिल में दो बैक टू बैक फ्लॉप फिल्में दे चुकीं अभिनेत्री पूजा हेगड़े की नई हिंदी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसी साल के शुरू में रिलीज हुई फिल्म 'देवा' पूजा की हिंदी में लगातार छठी फ्लॉप फिल्म है। निर्देशक आशुतोष गोवारिकर उन्हें साउथ सिनेमा से अपनी फिल्म 'मोहनजोदाड़ो' के लिए खोजकर लाए थे, और अब साउथ सिनेमा से ही पूजा का बोरिया बिस्तर सिमटता नजर आ रहा है। फिल्म 'रेट्रो' के बाद उनके पास तमिल में उनके अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म बताई जा रही 'जन नायकन' और 'कंचना 4' ही हैं। पूजा हेगड़े के नाम के साथ हिंदी की कुछ मेगा बजट फिल्में हैं, जिनमें से एक भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट का तमगा निर्विवादित ढंग से नहीं पा सकती है। साल 2016 में 'मोहनजोदाड़ो' में ऋतिक रोशन का करियर दांव पर लग गया था और अभी पिछले साल 'किसी का भाई किसी की जान' का जो हश्र हुआ, उसने सलमान खान जैसे बीते दिनों के सुपरस्टार के तोते उड़ा दिए हैं। प्रभास की फिल्म 'राधेश्याम' और रणवीर सिंह की सुपरफ्लॉप फिल्म 'सर्कस' में भी पूजा हेगड़े के होने की लोग इन दिनों फिर से गिनती कर रहे हैं।

पूजा हेगड़े का ताजा मामला उनके फिल्म 'देवा' के को–स्टार वरुण धवन का है। वरुण धवन हिंदी फिल्म जगत में करीब–करीब हाशिये पर आ चुके हैं। उनकी वेब सीरीज 'सिटाडेट हनी बनी' का दूसरा सीजन कैंसिल हो चुका है। 'देवा' का बॉक्स ऑफिस पर जो हाल हुआ, वह अब किसी से छुपा नहीं है। निर्देशक डेविड धवन ने अपने बेटे वरुण धवन की मदद के लिए फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' शुरू की है। इस फिल्म में उन्होंने फिल्म 'देवा' की ही जोड़ी को रिपीट किया है लेकिन फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो जाने के बावजूद इस फिल्म में अब न तो किसी कॉरपोरेट घराने ने दिलचस्पी दिखाई है और न ही किसी सैटेलाइट चैनल या ओटीटी की इस फिल्म में रुचि बनती दिख रही है।

# वरुण धवन की इस फिल्म में हीरोइन बनेंगी मृणाल ठाकुर

हाल ही में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस निर्देशक डेविड धवन के साथ दिख रही हैं, जो शूटिंग सेट से साझा की गई है। इस तस्वीर को मृणाल ठाकुर ने यूके से शेयर किया है, जिसमें वह निर्देशक डेविड धवन के साथ मुस्कुराती हुईं बैठे नजर आ रही हैं। आपको बताते चलें कि रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री इस समय है जवानी तो इश्क होना है फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं। इस फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता के तौर पर एक्टर वरुण धवन हैं, जो शूटिंग में जोरो–शोरों से व्यस्त हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के जरिए ये जानकारी भी सामने आ रही है कि फिल्म में मृणाल ठाकुर के साथ पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी। इस फिल्म की कास्टिंग को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है।



# बूंदी ज़िले केशोरायपाटन सुनील मेघवाल संवाददाता

## केशवरायपाटन वन विभाग की अस्थाई चौकी को जलाने वाले दो गिरफ्तार

मरुधर विशेष



**केशवरायपाटन** क्षेत्र के रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व के सुनगर क्षेत्र की अस्थाई चौकी में आग लगाने वाले दो लोगो को केशवरायपाटन पुलिस ने गिरफ्तार किया। सीआई हंसराज मीणा ने बताया कि सुनगर गांव के ही बनवारी लाल मीणा, दिनेश गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को जन्मदिन की शुभकामनाएं की प्रेषित



मरुधर विशेष

**कोटपूतली** – (सीताराम गुप्ता) राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मुख्यालय, जयपुर की ओर से राजस्थान के माननीय शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर को उनके जन्मदिवस के पावन अवसर पर पुष्प गुच्छ भेंट कर व साफा पहनाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं शुभेच्छाएं प्रेषित की गईं। इस उपलक्ष्य में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत, सहायक राज्य संगठन आयुक्त दामोदर शर्मा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त नीता शर्मा, सीओ स्काउट जयपुर शरद कुमार शर्मा तथा सीईओ गाइड रितु शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।सभी अधिकारियों ने मंत्री दिलावर के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सतत जनसेवा की भावना के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में स्काउट-गाइड के स्थानीय संघों के सचिव एवं समर्पित वॉलिंटियर्स ने भी भाग लेकर मंत्री महोदय के प्रति सम्मान व्यक्त किया। मंत्री दिलावर को एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड परिवार ने आशा व्यक्त की कि मंत्री महोदय के मार्गदर्शन में शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर प्रगति करता रहेगा।

# भाजपा पचपदरा मंडल की कार्यकारिणी हुआ गठन

मरुधर विशेष

**हीराराम सेजू** पचपदरा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ व भाजपा जिला अध्यक्ष भरत मोदी के निर्देशानुसार पचपदरा मंडल अध्यक्ष राकेश चौपड़ा द्वारा पचपदरा मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें उपाध्यक्ष भंवराराम चौधरी, राजेंद्र माली ,घनश्याम खारवाल, शंकर देवासी ,मांगीलाल पालीवाल, डायाराम चौधरी व महामंत्री वार्ड पंच नवरतन सोनी, सज्जन सिंह मंत्री मुकनाराम चौधरी ,पूजा देवी राठौड, सुगंन प्रेम प्रकाश भील, माधु सिंह राजपुत, बद्री दान चारण ,पुरुषोत्तम पालीवाल, संगठन मंत्री पारसमल खारवाल ,कोषाध्यक्ष पारस चौपड़ा, आईटी संयोजक मनोज पी सोनी, आईटी सह संयोजक जगदीश माली, सोशल मीडिया संयोजक महेश खारवाल, सोशल मीडिया सह संयोजक मुस्कान खारवाल कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रा देवी जोगी, श्वेता मेघवाल ,ममता प्रजापत ,रेशमी देवी भील ,सुबदीलाल रति, लुंबाराम देवासी, वैभव सिंह राठौड़ ,दिनेश माली, छगन राव ,अशोक घाची, लालाराम भील,देवी सिंह राजपुरोहित, लक्ष्मण चौधरी ,बाबू सिंह मनणा, खुशाला राम चौधरी, दौलाराम चौधरी, माल सिंह राजपुरोहित, मेला राम मेघवाल, हराराम चौधरी ,ओमप्रकाश प्रजापत गणपत चौधरी ,खीमदान चारण,ओमप्रकाश भाट,नेमाराम प्रजापत, बाबूलाल पालीवाल, भंवरलाल पालीवाल ,मदन सुथार, रामलाल प्रजापत ,लूणाराम पालीवाल, पारस भाटी, नेमाराम गर्ग, कन्हैया लाल बावरी, मांगीलाल चौधरी, राणाराम भाट, भंवर सिंह राजपुरोहित, प्रवीण सिंह राजपूत, रुपाराम भील, श्याम खारवाल, भंवराराम भील ,गोविंद सिंह राजपुरोहित को जिम्मेदारी दी गई।

# बार एसोसिएशन नीमराना के द्वारा महात्मा बुद्ध का जन्म दिवस मनाया आदर्शो पर चलने का आह्वान किया



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** बार एसोसिएशन नीमराना ने सोमवार को ग्राम न्यायालय परिसर नीमराना में महात्मा बुध का जन्म दिवस वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पनवाल एडवोकेट के नेतृत्व में महात्मा बुध की प्रतिमा को माल्यार्पण कर जन्म दिवस मनाया गया ।भगवान बुद्ध ने पूरे संसार को मानवता का संदेश दिया । महात्मा बुद्ध के जीवन परिचय पर प्रकाश डालकर उनके आदर्शों के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। महात्मा बुद्ध के जन्मदिवस पर लड्डु बांटकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक निभोरिया, विजय प्रकाश शर्मा, सत्यवीर सिंह चौहान, विजय चौहान, सतीश निभोरिया, रामनिवास सामरिया, देवानंद मोरोडिया, मनीष यादव, गजेन्द्र सिंह,सुरेश जलालपुरिया, धर्मेन्द्र यादव, जयकिशन,पवन सिरोहीवाल, हिम्मत सिंह आर्य, , विष्णु, योगेश, सरजीत, रविन्द्र टाइपिस्ट, सुनील, भरतसिंह, मुंशी आदि उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# किसी प्रकार की आपदा/आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पुख्ता रखें संबंधित विभाग- डीएम

## पेयजल, बिजली, चिकित्सा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के प्रति संवेदनशीलता से कार्य करें अधिकारी- कल्पना अग्रवाल

मरुधर विशेष



**कोटपूतली-बहरोड़। (सीताराम गुप्ता)** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसी भी आपदा से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों पर आवश्यक निर्देश देते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं, बजट घोषणाओं तथा विभागीय गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि किसी प्रकार की आपदा या आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने एवं नागरिक सुरक्षा सेवा के लिए सम्बन्धित विभाग सदैव अपनी तैयारियां पुख्ता रखे, समस्त सरकारी व गैर-सरकारी संसाधनों की पहचान करते हुए आवश्यकता पड़ने पर उपयोग में लेने के लिए तैयार रखें. वनरेबल (संवेदनशील) स्थानों व मामलों का चिन्हीकरण करें, उपलब्ध संसाधनों को सूचीबद्ध कर अपडेट करें व नियमानुसार संबंधित स्रोतों से आवश्यक संसाधन जल्द प्राप्त करें.

जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए नियमानुसार धरातलीय क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन को शीघ्र लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध हैंडओवर कर आमजनको लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यह समय पेयजल, विद्युत और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से संवेदनशील है, यह सुनिश्चित किया जाए कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल एवं बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम, ग्रीष्मकालीन आकस्मिकता कार्य, जल जीवन मिशन, सफाई व्यवस्था, शिक्षा, सड़क, पीडब्लयूडी कार्य, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सेवा तथा पेयजल वितरण व्यवस्था आदि की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएचईडी अधिकारी से कंटिंजेंसी प्लान, कलेक्टर इमरजेंट, टैंकर सप्लाई, बजट घोषणा के तहत ट्यूबवेल एवं हैंडपंप कमीशन्ड की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर गर्मी के मद्देनजर गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य संपादित करने को कहा एवं जेजेएम में जल कनेक्शन के लिए खोदी गई सड़कों का गुणवत्ता के साथ मोटरेबल कराने के निर्देश दिए. उन्होंने गर्मी को देखते हुए मनरेगा कार्य स्थलों, समस्त राजकीय कार्यालयों, पीएचसी, सीएचसी, सब सेंटरों आदि में आमजन हेतु छाया, बैठने व पेयजल की उचित व्यवस्था करवाने के लिए कहा. उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया हीट वेव एवं मौसमी बीमारियों के मद्देनजर पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करें. नगर परिषद आयुक्त को शहर में निगरानी प्रणाली के तहत नियमित सफाई व्यवस्था हेतु संबंधित को पाबंद करने, अधिकारियों को नियमित फील्ड निरीक्षण करने सहित आवश्यक निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि अधिकारी रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई के माध्यम से फील्ड में आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने, आमजन के फोन उठाएं, संवेदनशीलता से समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें और नियमित रूप से कार्यालयों का निरीक्षण करें एवं विकास कार्यों का जमीनी स्तर पर जायजा लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें.

उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों से कहा की वह समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ आमजन के हितार्थ कार्य करें, त्वरित समस्या का समाधान करें, एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करने के साथ साथ जनसुनवाई एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जन समस्याओं के प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालन की समीक्षा की एवं संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा सभी पोर्टल पर डेटा नियमित रूप से अद्यतन करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त घोषणाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयसीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राइवेट स्कूल संचालको को मुख्यमंत्री का आश्ववासन, कोई स्कूल बंद नहीं होगा,

मरुधर विशेष



**सुनीता सैनी** बावल प्राइवेट स्कूलों के मामले को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर प्राइवेट स्कूलों का प्रतिनिधिमंडल ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी की अगुवाई में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिला द्य प्राइवेट स्कूलों के प्रतिनिधिमंडल में ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी, वीरेंद्र सैनी पानीपत, देवेंद्र वसिष्ट रोहतक, संजय दलाल झज्जर, नवनीत शर्मा यमुनानगर, साहब सिंह रादौरा, मान सिंह, देवेंद्र शर्मा, यमुनानगर, विपिन, महावीर करनाल,आदि नें मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी द्य जिस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री नें चीफ प्रिंसिपल सेक्टरी राजेश खुल्लर के साथ शिक्षा विभाग के डायरेक्टर व प्राइवेट स्कूल संचालको की मीटिंग कर समाधान के निर्देश दिए जिस पर प्राइवेट स्कूलों को राहत देते हुए इस साल की एक्सटेंशन, स्कूलों की ताला बंदी पर रोक, वही सरकार नई पालिसी बनाकर केटगरी अनुसार मान्यता प्रदान करेंगी, वही दाखिला सीटे भरने के लिए एक हफ्ते के लिए एम. आई. एस पोर्टल खोलने,व प्राइवेट स्कूलों की बसों की पासिंग ज़िलें में ही करने व छुठी के दिन रविवार को भी करने, व रोड टेक्स में भी छुठ देने की बात कही द्य मुख्यमंत्री नें साफ शब्दो में कहा की यह गरीब आदमी की सरकार है जो सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है वही मुख्यमंत्री नें प्राइवेट स्कूल संचालको को आश्ववस्त किया की किसी भी प्राइवेट स्कूल की ताला-बंदी नहीं की जाएगी द्य ओर अधिकारिओं को भी निर्देश दिए गए किसी भी प्राइवेट स्कूल को परेशान ना किया जाये द्य जल्दी ही सरकार नई पॉलिसी बनाकर प्राइवेट स्कूलों को राहत देने का काम करेंगी द्य वही ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें प्राइवेट स्कूल वालो को राहत प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया

# वन एवं पर्यावरण मंत्री और डीग-कुम्हेर विधायक ने रेंजर के असामयिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट की

मरुधर विशेष



**संवाददाता सलीम खान** डीग, - वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने सोमवार को डीग जिले के ग्राम नारायणा कटता पहुंच रेंजर देवेंद्र चौधरी के असामयिक निधन पर शोकाकुल परिजनों को शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल मौजूद रहे।

सवाई माधोपुर के रणथंभौर में रविवार को टाइगर ने डीग के रहने वाले रेंजर देवेंद्र चौधरी पर हमला कर दिया। गांव नरायना कटता के देवेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। दुख के इस घड़ी में उनके परिवार को ढांढस बंधाने के लिए पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और डीग-कुम्हेर विधायक शैलेश सिंह आज उनके घर पहुंचे। वन मंत्री ने घटना को दर्दनाक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस हादसे को लेकर काफी संवेदनशील है?। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार से परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार के लोगों ने इच्छा जाहिर की है कि देवेंद्र जी की धर्मपत्नी को वन विभाग के बजाय शिक्षा विभाग में नौकरी दी जाए। इस पर मुख्यमंत्री राजस्थान से बात कर शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने का पुरजोर प्रयास किया जाएगा।

डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि इस क्षतिपूर्ति को किसी भी तरह से पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि रेंजर देवेंद्र जी ने बहुत ही कम उम्र में परिवार की जिम्मेदारी संभाल ली थी। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी ने उन्हें दूरभाष पर निर्देशित किया था कि वे परिवारजनों से मिले। इस दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद से ही परिवार और गांव में दु:ख का माहौल है।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया, देश सेवा का लिया संकल्प

मरुधर विशेष



**हनुमानगढ़, (प्रभु राम):** जिले के टिब्बी कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को नर्सेज स्टाफ द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया । अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिन केक काटकर मनाया गया । डॉ मांगी लाल छींपा, नर्सिंग ऑफिसर सतिंदरजीत कौर, रमिंदर कौर ने केक काटा । नर्सिंग ऑफिसर सुभाष चंद्र ने अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फ्लोरेंस नाइटेंगल का जन्म 12 मई 1820 को एक धनी ब्रिटिश परिवार में हुआ था । फ्लोरेंस के माता पिता चाहते थे कि वो एक पारिवारिक महिला का जीवन जिए वही फ्लोरेंस दूसरों की सेवा करना चाहती थी । फ्लोरेंस ने 844 में एक नर्स के रूप में काम करने का फैसला लिया लेकिन परिवार इस बात का हमेशा ही विरोध करता रहा । सन् 1850 में फ्लोरेंस ने कैसरवर्थ डेकोन्स इंस्टीट्यूट में नर्स का प्रशिक्षण पूरा किया । 1854 में क्रीमियन युद्ध के दौरान फ्लोरेंस को घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया । वहां इन्होंने सैनिकों की सेवा करते हुए उनकी मृत्यु दर को कम करने में मदद की । फ्लोरेंस को अक्सर नाइट में लैंप के साथ घायलों की सेवा करते हुए देखा गया तब इन्हें लेडी विद लैंप की उपाधि दी गई । फ्लोरेंस ने लंदन के सेंट थॉमस हॉस्पिटल में पहला नर्सिंग स्कूल स्थापित किया जिसे फ्लोरेंस नाइटेंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग के नाम से जाना गया । फ्लोरेंस नाइटेंगल ने स्वास्थ्य सेवा में काफी सुधार किया । 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस का निधन हो गया । फ्लोरेंस को नर्सिंग की जन्मदात्री माना गया है ।इस मौके पर नर्सिंग स्टाफ की ओर से मौजूदा हालात को देखते हुए देश सेवा का संकल्प लिया गया। इस मौके पर डॉ राजपाल सुथार, डॉ रितिका पारीक, नर्सिंग ऑफिसर महेंद्र गोदारा, जूनियर अकाउंटेंट शिवानी, गोविंद , ईश्वर , सुशील सोलडा, जरनैल सिंह , दीपक सुथार , चरणजीत सिंह , रवि डीडीसी हेल्पर, बलविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे ।

# जिले के युवाओं से सिविल डिफेंस स्वयंसेवक नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित

## माय भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण, युवाओं से आगे आने की अपील

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़, (प्रभु राम):** भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की प्रमुख पहल माय भारत के तहत युवाओं से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक (सिविल डिफेंस वॉलंटियर) के रूप में नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पहल देशभर में आपदा प्रबंधन एवं संकट की घड़ी में युवाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की दृष्टि से शुरू की गई है। माय भारत का यह राष्ट्रव्यापी अभियान आपातकालीन स्थितियों, प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं एवं अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में प्रशासन को सहयोग देने के लिए एक प्रशिक्षित, उत्तरदायी एवं समर्पित युवा बल तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

जिला युवा अधिकारी श्री भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को बचाव एवं राहत कार्यों, प्राथमिक चिकित्सा, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुरक्षा एवं पुनर्वास गतिविधियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए समुदाय आधारित तंत्र की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया अत्यंत सरल है। इच्छुक युवा माय भारत प ो ट ल https://mybharat.gov.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। यह पहल युवाओं में नागरिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं जीवन रक्षक व्यावहारिक कौशल विकसित करने का भी एक सशक्त माध्यम है। श्री शेखावत ने सभी मौजूदा माय भारत स्वयंसेवकों सहित अन्य नए युवाओं से भी इस पहल में भाग लेने का आह्वान किया है। अधिक जानकारी के लिए जिला युवा अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# जिला कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा, सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी के निर्देश

मरुधर विशेष



**हनुमानगढ़, (प्रभु राम) सोमवार** को जिला मुख्यालय पर आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर श्री काना राम ने आपात परिस्थितियों को देखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बताया कि आपदा प्रबंधन के तहत जिले में अब तक 15,000 से अधिक नागरिक सुरक्षा समिति सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगामी मंगलवार को एनएसएस के 1,500 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण कार्य लगातार जारी रहना चाहिए। डिफेंस और फर्स्ट एड किट संबंधी प्रशिक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलेंडर तथा अन्य आपातकालीन सुविधाओं की सतत निगरानी के निर्देश दिए। साइबर सुरक्षा पर डीओआईटी के संयुक्त निदेशक श्री योगेंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी संदिग्ध लिंक या दूसरी भाषा में आए संदेश को न खोलें, तत्काल डिलीट करें। साथ ही सभी कर्मचारी अपनी राजकीय ईमेल आईडी का पासवर्ड तत्काल बदलें। जिला कलेक्टर ने सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की बात कही और स्पष्ट निर्देश दिए कि माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। बजट घोषणा 2024-25 एवं 2025-26 की समीक्षा के दौरान कार्यादेश जारी नहीं वाली घोषणाओं के यथाशीघ्र कार्यादेश जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, कार्य प्रारंभ व पूर्णता की स्थिति की समीक्षा की गई। मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत अब तक 18,186 पशुओं हेतु स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं, जबकि 4,000 से अधिक पशुओं की पॉलिसी भी बनाई जा चुकी है। इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने जिले की निजी लाइब्रेरियों का सर्वे करने तथा प्रत्येक उपखंड स्तर पर सरकारी लाइब्रेरियों के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने साइट चयन व प्रभारी नियुक्ति के साथ यह स्पष्ट किया कि बिना सुरक्षा व सिंचाई व्यवस्था के पौधारोपण नहीं किया जाए। बैठक में बीटी कॉटन की बुवाई, सेंपलिंग और अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। जिला परिषद सीईओ श्री ओपी बिश्नोई ने बताया कि खेल मैदानों का सभी ग्राम पंचायतों में आकलन किया गया है। जहां कहीं भी सुविधाओं की कमी मिली है, उनमें सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। 72 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान से संबंधित नवीन कार्य स्वीकृत किए गए हैं। 21 पंचायतों में बर्तन बैंक और 257 ग्राम पंचायतों में अटल ज्ञान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732